सुविचार

सोच का ही फर्क होता है, वरना समस्याएं आपको कमजोर नही बल्कि मजबूत बनाने आती हैं

RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक
# गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।।

निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्षः 18 | अंकः 61 | पेजः 8 | मूल्य 01 रु। | जयपुर, गुरुवार 28 सितंबर, 2023 | Email: garibonkasitara@gmailÜcom

## टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-1 से जीती वनडे सीरीज

### आखिरी मैच 66 रन से हारा भारत




सितारा न्यूज नेटवर्क

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड कप से ठीक पहले भारतीय टीम को करारी हार का सामना करना पड़ा है. टीम को आखिरी वनडे में ऑस्ट्रेलिया ने 66 रनों से हराया था। राजकोट में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 50 ओवर में 7 विकेट पर 352 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम 49.4 ओवर में 286 रन पर ऑलआउट हो गई।

### ऑस्ट्रेलिया ने की तूफानी बल्लेबाजी

तीसरे वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया टीम ने शानदार शुरूआत की। डेविड वॉर्नर और मिचेल मार्श ने तेज शुरूआत दिलाई और दोनों ने अर्धशतक जमाया। मार्श अपने शतक से भी चूक गए। वार्नर ने 34 गेंदों में 6 चौके-4 छक्के की मदद से 56 रन बनाए। वहीं, मार्श ने 84 गेंदों में 3 छक्के-13 चौके की मदद से 96 रन बनाकर आउट हुए। फिर स्टीव स्मिथ और मारनस लाबुशेन ने पारी को संभाला और अर्धशतक जमाया। स्मिथ ने 61 गेंदों में 8 चौके-1 छक्का की मदद से 74 रन बनाए। वहीं, लाबुशेन 58 गेंदों में 9 चौके की मदद से 72 रन बनाकर आउट हुए। अंत में पैट कमिंस 19 रन बनाकर नाबाद रहे।

### भारत की पारी

टीम इंडिया लक्ष्य का पीछा करने मैदान पर उतरी तो उसकी शुरूआत शानदार रही। रोहित शर्मा और वॉशिंगटन सुंदर ने तेज शुरूआत दी। सुंदर 18 रन बनाकर आउट हुए तो वहीं रोहित 57 गेंदों में 6 छक्कों और 5 चौकों की मदद से 81 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद विराट कोहली ने मोर्चा संभाला और अर्धशतक जड़ा। कोहली ने 61 गेंदों में 1 छक्के और 5 चौकों की मदद से 56 रनों की पारी खेली। वहीं श्रेयस अय्यर ने 43 गेंदों में 2 छक्के और 1 चौके की मदद से 48 रन बनाए, साथ ही केएल राहुल ने 26 रन बनाकर आउट हो गए।

### ग्लेन मैक्सवेल ने दमदार गेंदबाजी की

बल्लेबाजी में सिर्फ 5 रन बनाकर आउट हुए ग्लेन मैक्सवेल ने गेंदबाजी में ऑस्ट्रेलिया के लिए कमाल किया। एक तरफ जब टीम की जमकर पिटाई हो रही थी तो मैक्सवेल ने रोहित शर्मा को आउट कर टीम को बड़ी सफलता दिलाई। मैक्सवेल ने अपनी टीम के लिए 10 ओवर की गेंदबाजी करते हुए 40 रन देकर 4 बड़े विकेट लिए। भारतीय पारी में ग्लेन मैक्सवेल ने वॉशिंगटन सुंदर, कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और श्रेयस अय्यर को आउट किया।

*मंत्री महेश जोशी ने रखी नींव*

## गोविंददेवजी मंदिर में 120 करोड़ के कार्यों का शिलान्यास



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** जयपुर के आराध्य गोविंददेवजी मंदिर में 120 करोड़ की लागत से कॉरिडोर बनेगा। इस कॉरिडोर को काशी विश्वनाथ और उज्जैन के महाकाल कॉरिडोर की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। इसको लेकर हवामहल से विधायक जलदाय मंत्री महेश जोशी ने बुधवार को पूजन कर कॉरिडोर की नींव रखी। इस दौरान मंदिर प्रवक्ता मानस गोस्वामी भी मौजूद रहे। मंदिर परिसर में कॉरिडोर की शिलान्यास रख निर्माण कार्य शुरू किया गया। हाल ही में सीएम अशोक गहलोत ने जयपुर के गोविंद देवजी मंदिर में विकास कामों के लिए 20.30 करोड़ रुपए का फंड मंजूर किया था। सीएम ने बजट में 100 करोड़ की लागत से गोविंद देवजी मंदिर का कॉरिडोर बनाने और दूसरे विकास काम करवाने की घोषणा की थी।

## 51 कृषि महाविद्यालय खोले किसानों के साथ CM गहलोत का संवाद

*कृषि जमीन कुर्की रोकने के लिए बनाया कानून*

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** बुधवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने चौमूं के खेल स्टेडियम में राजस्थान मिशन-2030 के तहत कृषि एवं बागवानी से जुड़े किसानों से संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार ने कृषकों और पशुपालकों के कल्याण के लिए अभूतपूर्व फैसले किए हैं। देश में पहली बार अलग से कृषि बजट, कृषक कल्याण कोष का गठन, 2000 यूनिट प्रति माह निःशुल्क कृषि बिजली जैसे निर्णयों से किसानों को सम्बल मिला है। आगे उन्होंने किसानों और पशुपालकों से आह्वान किया कि वे राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान कृषि प्रसंस्करण, कृषि व्यवसाय एवं कृषि निर्यात प्रोत्साहन योजना के द्वारा कृषक स्वयं अपने उत्पादों की प्रोसेसिंग और मार्केटिंग कर रहे हैं। इस योजना में प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने के लिए 2 करोड़ रुपए तक अनुदान दिया जा रहा है। प्राकृतिक आपदाओं से हुए नुकसान पर भी सरकार द्वारा सर्वे कराकर राहत प्रदान की गई है। कृषि यंत्रों की खरीद पर अनुदान दिया जा रहा है।सीएम गहलोत ने कहा कि 40 हजार रुपए प्रति दुधारू पशु बीमा उपलब्ध कराने वाली कामधेनु पशु बीमा योजना वरदान साबित हो रही है। साथ ही, लम्पी रोग से मृत गायों के लिए 40-40 हजार रुपए का मुआवजा दिया गया है। राज्य सरकार द्वारा किसानों की जमीन की कुर्की रोकने सम्बंधित कानून बनाया गया।

### गहलोत ने उपराष्ट्रपति के राजस्थान दौरों पर सवाल उठाए

# सीएम बोले: सुबह-शाम आ रहे हैं, बार-बार आओगे तो लोग क्या समझेंगे, आप चाहते क्या हो

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के लगातार राजस्थान दौरे को लेकर सवाल खड़े किए हैं। गहलोत ने कहा- पहले प्रधानमंत्री आए और अब उपराष्ट्रपति अप-डाउन कर रहे हैं। आज उपराष्ट्रपति पांच जगह जाएंगे। चार हेलिकॉप्टर से 5 जगह दौरा है। गहलोत ने कहा- गवर्नर साहब हों या उपराष्ट्रपति हों, हम सम्मान करते हैं। उपराष्ट्रपति अगर राष्ट्रपति बनेंगे तो भी हम स्वागत करेंगे, लेकिन अभी मेहरबानी रखें। बार-बार सुबह-शाम आ रहे हैं। दौरे कर रहे हैं। इसका कोई तुक नहीं है। क्या तुक है। चुनाव चल रहे हैं राजस्थान में। आप बार-बार आओगे तो लोग क्या समझेंगे। आप चाहते क्या हो? यह संवैधानिक संस्थाएं हैं। उनका मान-सम्मान रहना चाहिए। चाहे कोई सरकार हो। प्रधानमंत्री ने इस बार कहलवा दिया कि प्रोटोकॉल में कोई नहीं आएगा, न अफसर, न मंत्री। शेखावत साहब उपराष्ट्रपति बने थे तो उन्होंने कहा था कि राजस्थान मेरा घर है। यहां कोई प्रोटोकॉल में नहीं आएगा।

गहलोत बुधवार को जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में मिशन 2030 के लिए जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा- एक के बाद एक मंत्री आ रहे हैं। केंद्र के मंत्री राजस्थान आ रहे हैं। वैसे भी मंत्रियों के पास काम नहीं है। इन लोगों ने नया सिस्टम बना दिया। मंत्रियों की चल नहीं रही है और एक फ्रर का व्यक्ति बैठा दिया। वही सब राज चलाता है। जनता इनको जवाब देगी।

सीएम गहलोत ने कहा- चुनाव आ रहे हैं। माहौल ऐसा बन गया है। जब मैं कहता हूं कि सरकार इस बार आ सकती है तो लोग कहते हैं कि सरकार आ सकती नहीं, सरकार आ रही है। इसका मतलब है कि मामला इस बार ठीक हो सकता है। अगर आप सब का आशीर्वाद मिला तो।

### मोदी गारंटी लें कि हमारी योजना बंद नहीं करेंगे

गहलोत ने कहा- सरकार बदलने का नुकसान होता है। वसुंधरा की सरकार ने ईआरसीपी दी। हमने उसको बंद नहीं किया। प्रधानमंत्री अगली बार राजस्थान आए तो यह गारंटी दें कि अगर आपकी सरकार आएगी तो हमारी कोई भी योजना बंद नहीं होगी। अभी गारंटी दीजिए कि OPS रहेगा। हमने 25 लाख का बीमा किया वह रहेगा। वसुंधरा सरकार ने सरकार बदलते ही मेट्रो के आगे का काम बंद कर दिया। अंबाबाड़ी से 22 गोदाम तक की मेट्रो का काम इन्होंने बंद कर दिया। अभी मैंने उस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाया है। रिफाइनरी के प्रोजेक्ट को भाजपा के समय में बंद कर दिया गया। हमारे समय में हम पशुपालकों को 2 दूध पर सब्सिडी देते थे। बीजेपी ने उसे बंद कर दिया। अब हमने आकर के उसको चालू किया तो उसका नतीजा यह रहा कि राजस्थान दूध उत्पादन में नंबर वन हो गया।

### मोदी देश में मार्केटिंग के गुरु

गहलोत ने कहा कि पीएम आएंगे, लच्छेदार बातें करेंगे। प्रधानमंत्री देश में मार्केटिंग के गुरु हैं। उनकी भाषा, उनकी शैली और बोलने का तरीका वैसा ही है। हम मार्केटिंग गुरु कहते हैं एक्सपर्ट को, वो चाहे गुरु हों, न हों, लेकिन मोदी जी मार्केटिंग गुरु हैं।

### मेरी जिद है ERCP को पूरा करूंगा

गहलोत ने कहा- ERCP पर प्रधानमंत्री अजमेर और जयपुर में वादा करके गए थे। इसके बावजूद अब तक उसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं किया। पूरे देश में 16 परियोजना चल रही हैं। एक राजस्थान की हो जाएगी तो कौन सी बड़ी बात हो जाती। वह राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं करेंगे और मेरी जिद है कि हम एफ्ढ बना के रहेंगे। हमने इस बार इसका बजट 14 हजार करोड़ रुपए रखा है। वहां पर टेंडर हो गए हैं। काम चालू हो गया है। गहलोत बुधवार को चौमूं बाइपास स्टेडियम में प्रगतिशील किसानों से भी बातचीत करेंगे।

राजस्थान बनेगा मॉडल स्टेट?

## आज से 18 जिलों के 9 दिवसीय दौरे पर गहलोत, पहली बार जाएंगे खाटूधाम

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जयपुर।** अपने ड्रीम विजन मिशन-2023 को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आज से 18 जिलों के 9 दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान सीएम गहलोत राजस्थान को मॉडल राज्य बनाने के लिए प्रदेशवासियों से सुझाव मांगेंगे। सीएम गहलोत आज बिड़ला सभागार में रत्न और हीरा कारोबारियों और जौहरियों से सवांद करके अपनी 9 दिवसीय यात्रा का आगाज करेंगे। खास बात ये है कि गहलोत मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए पहली बार खाटूधाम बाबा श्याम के दरबार में पूजा-अर्चना करेंगे। सीएम गहलोत दोपहर 12 बजे बिड़ला सभागार में जौहरियों, रत्न व्यापारियों, ज्योतिषियों और कारीगरों से संवाद करेंगे। इसके बाद वह हेलिकॉप्टर से जयपुर के चौमूं कस्बे के लिए रवाना होंगे और वहां बागवानों से संवाद करेंगे। शाम को जयपुर लौटने से पहले गहलोत सीकर में खाटू श्याम मंदिर और चूरू में सालासर बालाजी मंदिर जाएंगे।

**हनुमानगढ़ के किसानों से भी करेंगे चर्चा:** जानकारी के अनुसार 28 को सीएम गहलोत डीडवाना और नागौर जिले के दौरे पर रहेंगे। मुख्यमंत्री गहलोत 29 को श्रीगंगानगर और 30 को हनुमानगढ़ जिले के किसानों से नहरी इलाकों की समस्या को लेकर चर्चा करेंगे। उसके बाद अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में कई जिलों के दौरे पर रहेंगे।

**इन जिलों के दौरे पर रहेंगे गहलोत:** जानकारी के मुताबिक सीएम गहलोत 9 दिन में जयपुर, सीकर, चूरू, नागौर, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर, पाली, सिरोही, जालौर, राजसमंद, उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा और चित्तौड़गढ़ जिले का दौरा करेंगे। गहलोत की यात्राओं का यह नौ दिवसीय कार्यक्रम राज्य में आदर्श आचार संहिता से पहले होने जा रहा है। राजस्थान में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं।

## शाह और नड्डा का जयपुर में महामंथन, दूसरे राज्यों के 44 नेताओं को जिम्मेदारी

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जयपुर।** राजस्थान में आज प्रदेश बीजेपी में बैठकों का दौर जारी है। इस बीच प्रदेश बीजेपी से बड़ी का खबर सामने आ रही है। जहां विधानसभा चुनाव के मध्यनजर दूसरे राज्यों के 44 नेताओं को जिलेवार जिम्मेदारी सौंपी गई है। इधर ललित होटल में गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा कोर ग्रुप की बैठक ले रहे है। दूसरे राज्यों के 44 नेताओं को दी जिलों की जिम्मेदारी, कल तक 26 नेता आ चुके थे जयपुर,शेष भी आएंगे जल्द, कल प्रदेश कार्यालय में हुई बैठक में विधानसभावार कार्य किए आवंटित

### इन नेताओं को दी गई जिम्मेदारी

आज जयपुर में बीजेपी का महामंथन जारी है। इस बीच बीजेपी ने दूसरे राज्यों के 44 नेताओं को अलग अलग जिलों के अनुसार जिम्मेदारी दी है। दिल्ली सांसद प्रवेश वर्मा को जोधपुर देहात, पंजाब प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ को सीकर, केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह को जयपुर शहर, हरियाणा विधायक महिपाल ढाडा को हनुमानगढ़, हरियाणा प्रदेश महामंत्री संदीप जोशी को चूरू, यूपी से बीजेपी नेता जुगलकिशोर को जयपुर देहात उत्तर जिम्मेदारी दी गई है।जम्मू-कश्मीर के पूर्व डिप्टी सीएम निर्मल सिंह को जयपुर देहात दक्षिण, जम्मू-कश्मीर के पूर्व डिप्टी सीएम कविन्द्र गुप्ता को दौसा, हरियाणा के बीजेपी नेता अरविंद यादव को अजमेर देहात, दिल्ली सांसद रमेश बिधूड़ी को टोंक की जिम्मेदारी, यूपी में बीजेपी नेता अरुण असीम को कोटा देहात, उत्तराखंड में प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार को बारां की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### शाह और नड्डा की अध्यक्षता में कोर टीम की बैठक जारी

जयपुर के ललित होटल में बीजेपी की कोर टीम की बैठक जारी है, इस मीटिंग में वसुंधरा राजे, सीपी जोशी, राजेंद्र राठौड़, गजेंद्र सिंह शेखावत, अर्जुन मेघवाल, प्रहलाद जोशी, अरुण सिंह, नितिन पटेल, कैलाश चौधरी, सतीश पूनिया, राज्यवर्धन राठौड़, चन्द्रशेखर, नारायण पंचारिया, कुलदीप बिश्नोई, विजय रहाटकर सहित 15 नेता मौजूद है।

## BJP आई तो हमारी योजनाएं ना हो बंद गहलोत बोले- राजस्थान में ये गारंटी जरूर दे PM... तभी मांगे वोट

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ज्वैलर्स, रत्न विक्रेता, ज्योतिषियों और कारीगरों से संवाद के साथ मिशन 2030 के तहत सभा-संवाद और देव दर्शन कार्यक्रम की शुरूआत कर दी है। सीएम गहलोत दो चरणों में 9 दिन तक 18 जिलों का दौरा कर राजस्थान को मॉडल राज्य बनाने के लिए प्रदेशवासियों से सुझाव मांगेंगे। सीएम गहलोत ने बुधवार दोपहर जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में सीएम अशोक गहलोत ने ज्वैलर्स, रत्न विक्रेता, ज्योतिषियों और कारीगरों से सीधी बात की। इस मौके पर केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला और गहलोत सरकार की योजनाओं का बखान किया।

बिड़ला ऑडिटोरियम में संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम गहलोत ने कहा कि आजकल पीएम मोदी गारंटी देने में लगे हुए हैं। लेकिन, मेरा उनसे अनुरोध है कि आप अगली बार राजस्थान आए तो एक गारंटी जरूर देना। अगर राजस्थान में बीजेपी सत्ता में आएगी तो गहलोत सरकार की बनाई कोई भी योजना बंद नहीं की जाएगी। जो कानून बने है, वो रहेंगे और ओपीएस भी रहेगा। हमने 25 लाख रुपए का बीमा किया है, आप केंद्र में क्यों लागू नहीं करते हो। केंद्र की जिम्मेदारी हमसे बड़ी होती है। हमने ओपीएस लागू किया है, ये क्यों नही कर रहे है।

## उज्जैन में 12 साल की बच्ची से रेप: खून से सनी लड़की आधे-अधूरे कपड़ों में ढाई घंटे भटकती रही

सितारा न्यूज नेटवर्क

**उज्जैन।** उज्जैन में 12 साल की बच्ची के साथ रेप का मामला सामने आया है। महाकाल थाना इलाके में बड़नगर रोड पर दांडी आश्रम के पास बच्ची सोमवार शाम घायल हालत में मिली थी। उसके कपड़े खून से सने थे। बच्ची आधे-अधूरे कपड़ों में सांवराखेड़ी सिंहस्थ बाइपास की कॉलोनियों में ढाई घंटे तक भटकती रही। इसके CCTV फुटेज पुलिस ने खोजे हैं। वह पूरे आठ किलोमीटर चलती गई। उसके प्राइवेट पार्ट्स में गंभीर चोटें हैं। उसने पुलिस को बताया- उसकी मां के साथ भी गलत काम हुआ है, लेकिन उसकी मां कहां है और वह उज्जैन तक कैसे आई? इस बारे में कुछ भी नहीं बता पा रही है। ज्यादा खून बह जाने के कारण बच्ची को इंदौर के अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। वहां उसे खून चढ़ाया गया, बच्ची अब खतरे से बाहर है। डॉक्टरों ने रेप की पुष्टि की।

उज्जैन रढ सचिन शर्मा ने बताया कि बच्ची शायद प्रयागराज की रहने वाली है। बच्ची ठीक से ज्यादा कुछ बता नहीं पा रही है कि घटना कहां हुई। कांग्रेस ने इस घटना के बहाने एक बार फिर बीजेपी सरकार को घेरा है। वहीं गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि मामले की जांच के लिए SIT का गठन कर दिया गया है। एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है।

## मणिपुर में बीजेपी कार्यालय में भीड़ ने आग लगाई

सितारा न्यूज नेटवर्क



**इंफाल।** मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदाय के बीच 3 मई से जारी हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। दो लापता स्टूडेंट्स की हत्या को लेकर प्रदर्शनकारी विरोध कर रहे हैं। उधर, 27 सितंबर को भीड़ ने थाउबल जिले में इखढ ऑफिस में आग लगा दी गई। इसके अलावा इंफाल में इखढ प्रेसिडेंट शारदा देवी के घर पर भी तोड़फोड़ की गई है।

वहीं, पुलिस ने बुधवार को प्रेस नोट जारी कर बताया कि राज्य में बीते 24 घंटे में माहौल तनावपूर्ण रहा। लेकिन हालात पर कंट्रोल किया गया। हिंसा से जुड़ी घटनाओं को लेकर 1697 लोगों को हिरासत में लिया गया है। राज्य के पहाड़ी इलाकों में AFSPA अभी लागू रहेगा। सरकार ने इसे 1 अक्टूबर से छह महीने के लिए बढ़ा दिया है। सिर्फ 19 थाना क्षेत्रों को इससे अलग रखा गया है। राज्य के बाकी हिस्से को डिस्टर्ब एरिया घोषित किया गया है।

जिन 19 थाना क्षेत्रों को AFSPA से अलग रखा गया है, उनमें इंफाल, लेंफेल, सिटी, सिंग्जमेई, सेकमई, लामसांग, पत्सोई, वांगोई, पोरोमपट, हेंगेंग, लामलाई, इरिलबुंग, लेमखोंग, थोबुल, बिष्णुपुर, नांबोल, मोइरोंग, काकचिंग और जिरिबाम शामिल हैं।

# खोले के हनुमानजी मंदिर रोप-वे का राज्यपाल करेंगे उद्घाटन: पहाड़ी पर मंदिर तक जाना होगा आसान, धार्मिक टूरिज्म को मिलेगा बढ़ावा

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जयपुर।** जयपुर में खोले के हनुमानजी मंदिर में बनाया गया रोप-वे का उद्घाटन राज्यपाल कलराज मिश्र करेंगे। बुधवार को मीडिया से बात करते हुए खोले के हनुमानजी मंदिर की संचालन समिति श्री नरवर आश्रम सेवा समिति के महामंत्री बीएम शर्मा ने बताया कि वर्ल्ड टूरिज्म डे के अवसर पर जयपुरवासियों को इस रोप-वे की सौगात दी जा रही है। उन्होंने कहा कि कल का दिन जयपुर शहर ही नहीं पूरे राजस्थान के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। जयपुर में खोले के हनुमान जी का 300 साल पुराना मंदिर है। मंदिर में हनुमान जी की स्थापना 1961 में की गई।

आज यह मंदिर इतना भव्य हो चुका है कि महाराज के प्रयास और राजस्थान सरकार के सहयोग से जयपुर ही नहीं बल्कि देश-विदेश में भी अपनी ख्याति बिखेर रहा है। यहां काफी संख्या में देसी-विदेशी पर्यटक आते है। ऐसे में पर्यटकों की सुविधा और मंदिर में दर्शन करने आने वाले भक्तों के लिए अन्नपूर्णा माता मंदिर से पहाड़ी पर स्थित वैष्णो माता मंदिर तक जाने के लिए इस रोप-वे की शुरूआत की जा रही है। 436 मीटर लंबाई में बना यह रोप-वे 18 करोड़ की लागत से 2 साल में तैयार हुआ है। पांच टावरों पर संचालित किए जाने वाले इस रोप-वे की ऊंचाई 85 मीटर है। उन्होंने बताया- वर्तमान में खोले के हनुमानजी मंदिर से वैष्णो देवी मंदिर तक जाने के लिए श्रद्धालुओं को सैकड़ों खड़ी सीढ़ियां चढ़नी पड़ती है।

खोले के हनुमानजी मंदिर के पीछे से सीढ़ियों वाला यह रास्ता है। बुजुर्गों, बच्चों और दिव्यांगों को वैष्णो देवी मंदिर तक जाने में परेशानी होती है। रोप-वे के शुरू होते ही इन लोगों की परेशानियां खत्म हो जाएंगी और वह आसानी से 4.30 मिनट में खोले के हनुमानजी मंदिर से वैष्णो देवी माता मंदिर तक जा सकेंगे।

क्षेत्र का नं. 1 अखबार
# अपना शहर
गरीबों का सितारा
हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com
जयपुर
गुरुवार 28 सितंबर, 2023



पूर्वानुमान>

| 27° | | गुरु | शुक्र | शनि | रवि |
|---|---|---|---|---|---|
| | अधिकतम> | 30°c | 30°c | 32°c | 32°c |
| | न्यूनतम> | 25°c | 26°c | 25°c | 26°c |

श्याम मंदिर में पूजा-दर्शन कर देश-प्रदेश की खुशहाली की कामना की

# सीएम अशोक गहलोत ने किए बाबा श्याम के दर्शन, प्रदेश के खुशहाली की कामना की





सितारा न्यूज नेटवर्क

**सीकर।(विनोद धायल)** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को जिले के खाटूश्यामजी मंदिर में पूजा-दर्शन कर देश-प्रदेश की खुशहाली के लिए कामना की। श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को विधिवत पूजा करवाकर श्याम दुपट्टा ओढ़ाकर व श्याम प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत व सम्मान किया। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने श्रृद्धालुओं के लिए खाटूश्यामजी मंदिर में दर्शन के लिए की गई व्यवस्थाओं के लिए श्याम मंदिर कमेटी की सराहना की। सीएम गहलोत ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि श्याम बाबा के मंदिर में पूजा अर्चना कर देश-प्रदेश में अमन चैन और प्यार मोहब्बत बना रहे इसके लिए कामना की है।

इस अवसर पर उद्योग, वाणिज्य, राजकीय उपक्रम एवं देवस्थान मंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री शकुन्तला रावत, कृषि मंत्री लालचंद कटारिया, दांतारामढ़ विधायक विरेन्द्र सिंह, नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी, संभागीय आयुक्त सीकर डॉ. मोहन लाल यादव, पुलिस महानिरीक्षक सतेन्द्र सिंह, जिला कलेक्टर सौरभ स्वामी, जिला पुलिस अधीक्षक परिस देशमुख, मंदिर कमेटी के मैनेजर संतोष शर्मा, उपखण्ड अधिकारी रींगस राकेश कुमार, दांतारामगढ़ गोविन्द भींचर, पूर्व प्रधान दांतारामगढ़ भंवर लाल वर्मा, गोविन्द पटेल सहित जनप्रतिनिधिगण, जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण व मंदिर कमेटी के पदाधिकारी उपस्थित रहे। श्री श्याम मंदिर कमेटी में गहलोत करीब 10 मिनट तक रुके जिसके बाद वह गाड़ी से हेलीकॉप्टर के लिए रवाना हो गए।



वहीं पर भारी मंत्री शकुंतला रावत ने कहा कि बीजेपी में अब वह क्लॉक हो रही है और वह गाय के नाम पर धर्म के नाम पर वोटो के लिए दिखावा करते हैं।भाजपा के बड़े-बड़े नेता सीकर में आ रहे हैं और बड़े-बड़े भाषण दे रहे है

श्याम मंदिर में दर्शन के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का हैलीपेड पहुंचने पर उद्योग, वाणिज्य, राजकीय उपक्रम एवं देवस्थान मंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री शकुन्तला रावत, कृषि मंत्री लालचंद कटारिया, दांतारामढ़ विधायक विरेन्द्र सिंह, नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी, सीकर विधायक राजेन्द्र पारीक, किसान आयोग अध्यक्ष एवं खण्डेला विधायक महादेव सिंह खंडेला, युवा बोर्ड अध्यक्ष सीताराम लांबा, बीसूका जिला उपाध्यक्ष सुनीता गठाला, संभागीय आयुक्त सीकर डॉ. मोहन लाल यादव, पुलिस महानिरीक्षक सतेन्द्र सिंह, जिला कलेक्टर सौरभ स्वामी, जिला पुलिस अधीक्षक परिस देशमुख ने अगवानी की।

## पंचांग

सितारा – निर्भीक कलम, निष्पक्ष आवाज

**दिनांकः 28सितंबर 2023 गुरुवार**

**विक्रम संवत2080 भाद्रपद शुक्ल पक्ष**

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | चतुर्दशी | 18:48:46 |
| पक्ष | शुक्ल | |
| नक्षत्र | पूर्वभाद्रपदा | 25:47:24 |
| योग | गण्ड | 23:53:30 |
| करण | गर | 08:33:11 |
| करण | वणिज | 18:48:46 |
| करण | विष्टि भद्र | 29:06:07 |
| चन्द्र राशि | कुम्भ | 20:27:01 |
| चन्द्र राशि | मीन | 20:27:01 |
| सूर्य राशि | कन्या | |
| दिशा शूल | दक्षिण | |
| सूर्योदय( जयपुर ) | | 06:18:53 |
| सूर्यास्त | 18:15:54 | |
| चंद्रोदय | 17:47:05 | |
| चंद्रास्त | 29:56:39 | |
| राहू काल | 13:47 - 15:17 | |
| अभिजित | 11:54 - 12:41 | |

**शुभ चोघडिया**

| | | |
|---|---|---|
| शुभ | 06:19 - 07:49 | शुभ |
| चर | 10:48 - 12:17 | शुभ |
| लाभ | 12:17 - 13:47 | शुभ |
| अमृत | 13:47 - 15:17 | शुभ |
| शुभ | 16:46 - 18:16 | शुभ |



**विशेष जानकारी:-**
अनंत चतुर्दशी व्रत:आज
पूर्णिमा व्रत:आज
श्राद्ध पक्ष प्रारम्भ:-कल

ज्योतिषाचार्य
**भानुप्रकाश शास्त्री**

चाइल्डहुड कैंसर पर सेमिनार का हुआ आयोजन

## बच्चों को जागरूक कर कैंसर से बचाया जा सकता हैं: डॉ श्रीकान्त




सितारा न्यूज नेटवर्क

**धौलपुर/अंकित गोयल** ।लायंस क्लब धौलपुर द्वारा लायंस इंटरनेशनल एवं डब्लू.एच.ओ. द्वारा चलाये जा रहे चाइल्डहुड कैंसर अवेयरनेस प्रोग्राम पर एक सेमिनार ए वी एम कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित की गई सेमिनार में स्कूल के करीबन 300 बच्चों ने भाग लिया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धौलपुर गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ श्रीकान्त आसवा रहे उन्होंने बच्चों को स्वस्थ जीवन स्वस्थ दिनचर्या के बारे में बताया सेमिनार के मुख्य वक्ता बाल रोग विशेषज्ञ डॉ हरीओम गर्ग द्वारा बच्चों को बचपन में होने वाले कैंसर एवं उनके रोक थाम के बारे में विसरित जानकारी सरल भाषा में बताई जिसे बच्चों ने बड़े ही ध्यान से सुना एवं समझा कार्यक्रम में लायंस क्लब धौलपुर के अध्यक्ष डॉ प्रखर मंगल ने सभी अतिथियों का स्वागत कर कैंसर जागरूकता हेतु एक पोस्टर का भी विमोचन आतिथ्यों के कर कमलों से कराया डॉ मंगल ने बताया लायंस क्लब धौलपुर आगामी दिनों में चाइल्डहुड कैंसर अवेयरनेस प्रोग्राम पर विभिन्न स्कूलों में भी इसी तरह से सेमिनार आयोजित कर बच्चों एवं अभीवावकों को कैंसर से जागरूक करेंगे कार्यक्रम में लायंस क्लब के वीरेंद्र त्यागी, ऋषभ गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक राजेश पाठक, अभिषेक मित्तल, तुलसी अग्रवाल, डॉ सुशील रस्तोगी, अनुराग मुद्गल, लवकुश शर्मा, राकेश गर्ग, नवीन मंगल आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम का मंच संचालन आदर्श त्यागी द्वारा किया गया ।

श्री शिव महापुराण कथा...

## घर घर महिला मंडल के कार्यकर्ता बांट रहे कूपन

**कल्याणजी मंदिर से शाही लवाजमे के साथ निकलेगी कलश यात्रा**

सितारा न्यूज नेटवर्क

**बस्सी (रामफूल मीणा)**। नगरपालिका क्षेत्र के मुख्य बस स्टैंड स्थित खारिया खेत में विश्व कल्याण मिशन ट्रस्ट हरिद्वार शाखा बस्सी जयपुर के तत्वावधान में भव्य शिव महापुराण कथा का आयोजन होगा। एक अक्टूबर से शुरू होने वाली इस कथा को लेकर कार्यकर्ता घर घर जाकर महिलाओं को कूपन बांट रहे है। कथा को लेकर उत्साह नजर आ रहा है। विश्व कल्याण मिशन ट्रस्ट हरिद्वार शाखा बस्सी जयपुर की महिला मंडल अध्यक्ष सुशीला देवी सोनी ने बताया कि कथा के तीन दिन शेष है। बस्सी में पांच सौ से अधिक कूपन बांटने का लक्ष्य है। एक अक्टूबर को सुबह शाही लवाजमें के साथ ऐतिहासिक



कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके लिए महिला मंडल की और से जोर शोर से तैयारियां की जा रही। अलग अलग टीम बनाकर कार्यकर्ता घर घर पहुंच रही है। राजस्थान प्रांतीय श्री नामदेव छीपा महासभा के प्रांतीय उपाध्यक्ष व विश्व कल्याण मिशन ट्रस्ट हरिद्वार शाखा बस्सी जयपुर के अध्यक्ष महेश कुमार छीपा ने बताया कि इस भक्ति महाकुंभ शिव महापुराण में परमात्मा पारब्रह्म परमेश्वर के शिव कल्याणकारी स्वरूप का धार्मिक विवेचन रहस्य महिमा एवं उपासना का विस्तृत विवरण का दिव्य भक्ति प्रसाद श्रद्धालुओं को सहज रूप से मिलने वाला है। कथा विश्व विख्यात कथावाचक चिन्मयानंद बापू होंगे। उन्होंने बताया कि दिव्य शिव महापुराण कथा मे प्रतिदिन शाम 4 बजे से शाम 7 बजे तक भक्त वत्सल भगवान शिव एवं महासती माता पार्वती की कथाओ का दिव्य अमृत रस बरसेगा। इसी बीच कथा में सजीव मनोहारी झाकियों का मंचन किया जाएगा।

## लीलामंढा में विद्यालय क्रमोन्नत होने पर की आतिशबाजी, बांटी मिठाई



सितारा न्यूज नेटवर्क

**नारायणपुर (बिन्टू कुमार)**। उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत विजयपुरा के गाँव लीलामंढा में स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय को राजकीय सीनियर सैकण्डरी विद्यालय में क्रमोन्नत होने पर बुधवार को सरपंच मोहन लाल वर्मा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने आतिशबाजी कर एक-दुसरे को मिठाई बांटी। ग्रामीणों ने उधोग एवं देवस्थान मंत्री शकुंतला रावत का आभार जताते हुए सरपंच मोहन लाल के प्रयासों की सराहना की। ग्रामीण स्कुल क्रमोन्नत की मांग को लेकर कई वर्षो से प्रयासरत थे। ग्रामीणों ने बताया कि अब आसपास क्षेत्र की बालिकाओं को 12वीं तक की पढाई के लिए दूर नही जाना पड़ेगा। इस मौके पर संस्था प्रधान रामनिवास बैरवा, उपसरपंच प्रतिनिधि रोशन लाल योगी, ओमप्रकाश सैनी, रामेश्वर सैनी, शम्भूदयाल शर्मा, विनोद शर्मा, सुरेश सैनी, योगेश शर्मा, पप्पूराम, सुभाष चन्द, मीनू टेलर, भरतराम, जगदीश शर्मा, केदार सैनी, श्याम सिंह सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

## धौलपुर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार जैन को सेवानिवृत की दी विदाई

सितारा न्यूज नेटवर्क

**राजाखेड़ा/अंकित गोयल**। राजाखेड़ा महाविद्यालय परिसर के कांफ्रेंस रूम में सेवानिवृत विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिस कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना की गई। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ.सुरेंद्र कुमार जैन का माला और साफा पहनाकर कर साल भेंट कर स्वागत सत्कार किया गया।? इस दौरान प्राचार्य डॉ.सुरेंद्र कुमार जैन ने कहा की मेने अपनी राजकीय सेवा के 36 साल पूरे कर चुका हूं। 30 सितंबर को मैं सेवानिवृत हो जाऊंगा।? मैं जिस कॉलेज में



प्रोफेसर या प्राचार्य के पद रहा तो मेने पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठता के साथ अपने कार्यों का संवहन किया। और आगे भी प्रत्येक विद्यार्थी के हित के कार्यों के लिए सदैव तत्पर हूं।और सभी विद्यार्थियों को संदेश देना चाहूंगा की शिक्षा शेरनी का वह दूध जो जो जितना पियेगा ऊतना ही दहाड़ेगा। शिक्षा का पूर्णरुप से अनुसरण करने पर ही विधार्थी राष्ट्र निर्माण की नींव में एक मजबूत ईंट बन सकेगा।कार्यक्रम की समाप्ति पर सभी प्रोफेसर, मानसिंह मीणा और विद्यार्थियों ने प्राचार्य डॉ.सुरेंद्र जैन को गुलदस्ता भेंटकर विदाई दी।इस दौरान मनियां महाविद्यालय के प्राचार्य डा.अनुज कुमार, महाविद्यालय धौलपुर के प्रशासनिक अधिकारी डा. शिवनोवाल, प्रोफेसर मानसिंह मीणा, अमर गोस्वामी, होसांग पांचाल, चंद्रशेखर बादामसिंह सहित अनेक महाविधालय विधार्थी मौजूद रहे

## किशोरी मेले में छात्राओं ने दिखाया अपना हुनर




सितारा न्यूज नेटवर्क

**सरमथुरा/अंकित गोयल** ।स्थानीय राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में आज ब्लॉक स्तरीय किशोरी मेले का आयोजन किया गया जिसमें उपखंड अधिकारी रेखा मीणा और ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जितेन सिंह जादौन ने छात्रों द्वारा बनाए गए मॉडल एवं चार्ट का अवलोकन किया और उनकी प्रतिभाओं को सराहा ,उपखंड अधिकारी रेखा मीणा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बालिकाओं में अपनी प्रतिभाओं को निखारने का अवसर मिलता है। छात्राएं अपने निर्णय लेने में सक्षम होती है और यह एक सशक्त भारत की पहचान है सीबीओ जितेन्द्र सिंह जादौन ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा की वर्तमान युग में छात्राओं में इस प्रकार के आयोजनों से वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास होता है वह अपने अधिकारों की बात कहती है कार्यक्रम प्रभारी आर



पी प्रीतम मीणा ने विजेता छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए जिला स्तर पर बेहतर प्रदर्शन की कामना की, विजेता छात्राओं में प्रथम ,द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

भगवान दास ,मदन गोयल, बाबूलाल मीना, ममता देवी एवं राजू सैन ने कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका निभाई कार्यक्रम का संचालन स्थानीय विद्यालय के शिक्षक सैन ने किया।

# आकर्षक झांकियों के साथ निकली ठाकुर जी की शोभायात्रा

आमेर/रोहन शर्मा

**सितारा न्यूज नेटवर्क**। राजधानी जयपुर के आमेर में जलझूलनी एकादशी पर शाही लवाजमे और पूरे ठाठ-बाट के साथ कांधे पर ठाकुरजी को पालकी में भक्तों द्वारा मेहन्दी का बास, तथा वन तालाब रोड स्थित सीताराम जी महाराज मंदिर से डोला शोभायात्रा निकाल कर ठाकुरजी को नगर विहार कराया गया। शाम करीब 4 बजे मंदिर परिसर में विधिवत पूजा अर्चना के बाद ठाकुर जी को डोला में विराजमान कराया गया। इसके बाद बैंडबाजों व विभिन्न देव प्रतिरूपों से सजी आधा दर्जन आकर्षक झांकियों के साथ शोभायात्रा शुरू हुई।

### ठाकुरजी को जल विहार स्नान कराया

शोभायात्रा रात्री को आमेर के मावठे घाट पर पहुंची, जहां ठाकुर जी को प्रतीकात्मक जल विहार स्नान कराकर पूजा आरती के साथ वापस मंदिर लाया गया। शोभायात्रा का रास्ते में श्रद्धालुओं द्वारा कई स्थानों पर ठाकुरजी की पूजा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में ठाकुरजी के डोले के नीचे निकलने की होड़ मची रही।




### जगह-जगह पर हुआ स्वागत

आमेर की राम रहिम विकास समिति के द्वारा बहुत ही शानदार वातावरण में मुस्लिम भाइयों ने शोभायात्रा के रास्ते में श्रद्धालुओं के ऊपर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया मुस्लिम समुदाय के द्वारा पुष्प वर्षा के साथ साथ भारत मां की जय और वंदेमातरम के उदघोष को सुनकर उधर से जाने वाले राहगीरों के कदम भी थम गए। लेकिन प्रदेश की गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल पेश करते हुए दोनो ही समुदाय के लोगो ने हर वर्ष इन सभी पर्वो को धूमधाम से मनाने का संकल्प लिया। यात्रा में अब्दुल अजीज मंसूरी, हाजी मकसूद पंवार, सलाम



पंवार, सोहेल मंसूरी हाजी इस्माइल पंवार हाथी वाले, गफ्फार खान, अफजल खॉन, इकबाल खॉन आदि लोगो के द्वारा श्री सतीश पूनिया विधायक ( आमेर ) हरिश शर्मा, दिनेश बांगडी करणी बन्ना, महेश शर्मा, आदि गणमान्य लोगो का स्वागत किया गया।

### परिवर्तनी एकादशी

हिन्दू मान्यताओं के अनुसार भाद्र पद माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को यह व्रत रखा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार चतुर्मास के दौरान पाताल लोक में छीर निंद्रा में बास कर रहे भगवान विष्णु इस दिन करवट बदलते है। इसलिए इसका नाम परिवर्तनी एकादशी भी है साथ ही इस व्रत को करने से मनुष्य को वाजपेय यज्ञ करने के समान फल मिलता है। इस दौरान दीपक, गोविन्द्र, प्रकाश, सोनू, जितेन्द्र सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

# शहीद की पुण्यतिथि पर युवाओं ने किया रक्तदान





**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**नारायणपुर (बिन्टू कुमार)**। कस्बे में बुधवार को तलुण्डी मोहल्ले में शहीद भँवर सिंह शेखावत की छठी पुण्यतिथि पर युवा नेता राकेश दायमा के सानिध्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। शहीद की पुण्यतिथि पर परिजन व ग्रामीणों ने शहीद की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित कर श्रदांजलि दी। पुण्यतिथि पर शहीद को याद करते हुए शहीद भँवर सिंह अमर रहे के नारे लगाए गए। जीवन धारा ब्लड बैंक के तत्वाधान में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं ने 81 यूनिट रक्तदान किया। रक्तदान करने वाले युवाओं को आयोजनकताओं कि ओर से हेलमेट और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर वीरांगना अर्चना कँवर, रघुवीर सिंह, विरेंद्र सिंह, मोनू शर्मा, सुनील शर्मा, किशोर सिंह, प्रताप सिंह, सूबेदार गोविन्द सिंह, मनीष जाट, रिंकू यादव, सरदारा सैनी, मुनेश गुर्जर, गणेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# युवाओं ने बचाई राष्ट्रीय पक्षी की जान

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**वी.पी.मीणा बहरोड़**। क्षेत्र के युवाओं ने राष्ट्रीय पक्षी मोर की जान बचाकर वन विभाग के कर्मचारियों को सौपा। जानकारी अनुसार क्षेत्र के गाँव खोहरी में बुधवार देर शाम को राष्ट्रीय पक्षी को श्वान ने घायल कर दिया। जहाँ पर युवाओं ने श्वान से राष्ट्रीय पक्षी को बचाकर उसका उपचार किया और वन विभाग के अधिकारियों को सौपा। इस दौरान मुकेन्द्र यादव खोहरी,नीरज यादव,सुनील कुमार,सोनू यादव उपस्थित रहे।



# लायंस क्लब बहरोड़ किंग्स ने थाना परिसर में भेंट की आसंदी




**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**वी.पी.मीणा /बहरोड़** । लायंस क्लब बहरोड़ किंग्स के द्वारा सदर पूलिस थाना जैनपुरवास में थाना अधिकारी प्रदीप यादव की अभिशंसा पर चार गार्डन सीमेंटेड चेयर भेंट की गई।इस अवसर पर थाना अधिकारी प्रदीप यादव ने लायंस क्लब बहरोड किंग्स के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। एवं कहा कि यह कार्य भी जन सेवा का कार्य है।जहां आने वाले प्रत्येक प्रतिवादी को कुर्सियां नहीं होने के अभाव में खड़े रहकर इंतजार करना पड़ता था।इस बाबत क्लब के पदाधिकारी को अवगत कराया गया एवं उन्होंने तत्काल प्रभाव से सदर थाने में चार गार्डन सीमेंटेड चेयर भेंट की गई।अब आने वाले प्रतिवादी छाया में बैठकर अपने समय का इंतजार कर सकेंगे।इस अवसर पर क्लब के मेंबरशिप कमेटी चेयरमैन लायन प्रमोद अग्रवाल ने बताया कि इस तरह के समस्त सेवा कार्य हम सभी सदस्यों के सामूहिक आर्थिक सहयोग से संपन्न किए जाते हैं।इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लायन राकेश रोहिल्ला,मुकेश यादव,एमजेएफ दिनेश अग्रवाल,प्यारेलाल सैनी,मनोज अग्रवाल,प्रदीप यादव,राकेश गोयल एवं जॉन चेयरपर्सन लायन राजकुमार जिंदल भी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री गहलोत काठुवास व चन्द्र शेखर रावण नीमराणा में आज करेंगे सभा

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**वी.पी.मीणा /बहरोड़** । विधानसभा के काठुवास गांव में गुरुवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत। कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली के पृथक गांव में उनके माता-पिता की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में भाग लेंगे। जिसको लेकर कांग्रेस पार्टी के मंत्री-विधायक व कार्यकर्ता कार्यक्रम स्थल का जायजा लेकर व्यवस्था बनाई गई। वहीं जिला कलेक्टर व एसपी ने भी पुलिस प्रशासन की व्यवस्था को लेकर जायजा लिया।वहीं भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के चीफ चंद्रशेखर रावण गुरुवार को नीमराना में संविधान बचाओ देश बचाओ संकल्प यात्रा को करेंगे संबोधित।भीम आर्मी ब्लॉक अध्यक्ष राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताएं कि यात्रा की शुरूआत गुरुवार को नीमराना से शुरूआत करके भारत एकता मिशन के तहत रामलीला मैदान नीमराना में संकल्प यात्रा रोड शो के माध्यम से शुरू करके अनेकों जगह निकलेंगे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राम लखन मीणा,जितेंद्र हटवाल,प्रदेश अध्यक्ष अनिल,संजय वाल्मीकि सहित पार्टी के कार्यकताओं ने कार्यक्रम सभा का जायजा लिया।





# आमेर महल में मनाया विश्व पर्यटन दिवस

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

आमेर/रोहन शर्मा । राजधानी जयपुर के आमेर महल में 27 सितम्बर को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर प्रदेशभर के टूरिस्ट स्मारकों पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गये । राज्य स्तरीय पुरस्कृत पर्यटक गाइड महेश कुमार शर्मा ने टूरिज्म विभाग के द्वारा आयोजित नेचर ट्रैक वॉक करवाई गयी जो पन्ना मीना कुंड से रवाना होकर सागर, शीश महल दरवाजा, ज्योति के हनुमान मंदिर से जंगल के रास्ते होकर वापस पन्ना मीना कुंड पर सम्पूर्ण हुई।विश्व पर्यटन दिवस पर आमेर महल में देशी विदेशी पर्यटकों का पूरे जोश के साथ स्वागत किया गया। आमेर महल के अधीक्षक पंकज धरेन्द्र ने बताया कि 27 सितम्बर को विश्व पर्यटन दिवस होने के उपलक्ष्य में देशी-विदेशी पर्यटकों को महल में निशुल्क प्रवेश रखा गया आमेर महल में पर्यटकों के लिए नाईट टूरिज्म को भी आज निशुल्क रखा गया आमेर महल के टूरिस्ट गाइड फेडरेशन फोर आमेर गाइड्स यूनियन के द्वारा भी पर्यटकों को तिलक लगाकर माला पहनाकर और हाथ में गुलाब का फूल देकर उनका स्वागत किया गया।











### राजस्थान भारतीय संस्कृति का प्रतीक

जब विदेशी पर्यटकों से राजस्थान की विशेषता के बारे में पूछा तो उनका कहना था कि यहां के लोगों ने भारतीय संस्कृति को संजो रखा है। यहां के शहर, कस्बे और गांव अलग-अलग विशेषताओं वाले हैं। राजस्थानी लोकगीत आत्मा को छू लेते हैं। समूचा राजस्थान भारतीय संस्कृति का प्रतीक प्रतीत होता है।

### विश्व पर्यटन दिवस की थीम अलग-अलग

विश्व पर्यटन दिवस मनाने की शुरूआत पर्यटन का महत्व और लोकप्रियता को देखते हुए की गई. इस दिन को मनाने का उद्देश्य दुनिया भर के लोगों को पर्यटन के प्रति जागरूक करना है. लोगों को जागरूक करने के लिए संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन हर साल विश्व पर्यटन दिवस की थीम अलग-अलग रखता है. संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1980 से 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस के तौर पर मनाने का निर्णय लिया । विश्व पर्यटन दिवस के लिए 27 सितंबर का दिन चुना गया क्योंकि इसी दिन 1970 में विश्व पर्यटन संगठन का संविधान स्वीकार किया गया था ।

## जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने किया जायजा

# विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां जारी: मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**वी.पी.मीणा / बहरोड़** ।उपखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में बुधवार को जिला कलेक्टर शुभम चौधरी व पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र महात्मा गांधी सीनियर सेकेंडरी स्कूल बहरोड,राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भीटेड़ा,रामरतन जोशी सीनियर सेकेंडरी स्कूल गंडाला,संस्कृत स्कूल मांढन,महात्मा गांधी सीनियर सेकेंडरी स्कूल काठुवास सहित क्रिटिकल मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। आगामी विधानसभा आम चुनाव 2023 को ध्यान में रखते हुए यह औचक निरीक्षण किया गया। कलेक्टर चौधरी ने बताया की निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्रों पर आधारभूत सुविधाएं एवं कानूनी व्यवस्था का जायजा लिया गया। तथा ग्रामीण मतदाताओं से रूबरू होकर भय मुक्त माहौल में निर्भीक होकर अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।ग्रामीण मतदाताओं को क्षेत्र में चुनाव के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन का अपेक्षित सहयोग करने एवं असामाजिक तत्वों व आपराधिक प्रवृत्तियों के व्यक्तियों की सूचना तुरंत प्रभाव से पुलिस प्रशासन को देने की अपील की गई।मतदाताओं द्वारा अवगत करवाया गया कि पूर्व में भी क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान हुए हैं।और भविष्य में भी कानून व्यवस्था बनाए रखने की एवं शांति मतदान करने के संबंध में विश्वास दिया था।इस दौरान उपखंड अधिकारी सचिन यादव,पुलिस अधिकारी सहित पुलिस व प्रशासन मौजूद रहे।





# जिला कलेक्टर के निर्देश पर सरकारी भूमि से हटाया अवैध अतिक्रमण

***प्रशासन व पुलिस के संयुक्त दल ने तहसीलदार के नेतृत्व में लगभग 50 बीघा चरागाह भूमि से अतिक्रमण हटाकर किया मुक्त***

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)** जिला कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर के निदेर्शानुसार ब्यावर तहसीलदार मोहन सिंह राजावत के नेतृत्व में बुधवार को प्रशासन व पुलिस के संयुक्त दल ने लगभग 50 बीघा चरागाह भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की तहसीलदार राजावत ने बताया कि ग्राम लालपुरा धनार, ग्राम पंचायत भेरूखेड़ा के चरागाह भूमि खसरा नंबर 558/1 पर कुछ लोगो द्वारा अवैध रूप से चारदीवारी व एक कमरे का निर्माण कर एवं अन्य कच्चे पक्के अवैध निर्माण कर लगभग 50 बीघा चरागाह भूमि पर अतिक्रमण किया हुआ था तहसीलदार के नेतृत्व में प्रशासन व पुलिस के संयुक्त दल द्वारा तीन जेसीबी की सहायता से यह अतिक्रमण हटाकर चरागाह भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया । अतिक्रमण हटाने के पश्चात बीडीओ बलराम मीणा व ग्राम विकास अधिकारी की मौजूदगी में मौके पर मौजूद पत्थरों की ट्रॉलियों व पट्टियों को जब्त कर सौंपी गई।







# ब्यावर आर्य समाज के 139 वें वार्षिक उत्सव की तैयारी व प्रचार -प्रसार हेतु पैंपलेट का हुआ विमोचन

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)**। महान समाज सुधारक, आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती की 200 वी जयंती के उपलक्ष में व आर्य समाज, ब्यावर के 139 वा वार्षिक उत्सव पर में 26 अक्टूबर से 29 अक्टूबर 2023 तक आर्य समाज द्वारा अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मंत्री - राजेंद्र काबरा ने बताया कि 139 वे वार्षिक उत्सव की तैयारी व प्रचार -प्रसार हेतु बुधवार दोपहर आर्य समाज ब्यावर परिसर में वार्षिक उत्सव जानकारी पैंपलेट का विमोचन - प्रधान - भूदेव आर्य, उपप्रधान - नरेंद्र आर्य,मंत्री - राजेंद्र काबरा, कोषाध्यक्ष - वैभव तोषनीवाल, ओमप्रकाश नवाल, ड्रा.लालचन्द हेडा,बृजेश मालू, अभयदेव आर्य, संजय बाहेती, अभिमन्यु गहलोत,लोकेश धूत,आदि ने किया । पैंपलेट में आर्य समाज, ब्यावर के 139 वा वार्षिक उत्सव की पूरी जानकारी दी गई है। कार्यक्रम में मेरठ से आचार्य कुलदीप जी आर्य , अन्तराष्ट्रीय राम कथा, कृष्ण कथा वाचक, भजन सम्राट आयेगे। सभी ब्यावर जिला वासियों से निवेदन है होने वाले धार्मिक कार्यकम का लाभ उठाए ।




## नवकर्मोन्नत स्कूल व सामुदायिक भवन का हुआ शिलान्यास

# पंचायत समिति प्रधान कोटे से तलवाड़ गांव में हुए विकास कार्य





**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**वी.पी.मीणा /बहरोड़** ।क्षेत्र के तलवाड गांव में गुरुवार को नवकर्मोन्नत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के उद्घाटन एवं पंचायत समिति प्रधान कोटे से 13 लाख रुपए की लागत से निमार्णाधीन सामुदायिक भवन के शिलान्यास समारोह के मुख्य अतिथि डॉ करण सिंह यादव पूर्व सांसद रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान सरोज बस्तीराम यादव विशिष्ट अतिथि डॉ आरसी यादव रहे। इस अवसर पर ग्राम वासियों ने अतिथियों का गाजे डीजे बाजे से तथा फूल माला से भव्य स्वागत किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय डॉ करण सिंह यादव ने कहा कि डेढ़ साल के प्रधान के कार्यकाल में बहरोड में विकास बोलता हुआ नजर आ रहा है।तथा बस्तीराम यादव ने अपना सारा जीवन बहरोड के सर्वांगीण विकास में समर्पित करने का काम किया है।उनकी मेहनत के कारण जयपुर में छात्रावास बने हैं तथा राठ केसरी घासीराम का स्मारक भुनगड़ा अहीर में और भीटेडा महिला महाविद्यालय तथा क्षेत्र की सड़कों का निर्माण में इनका बड़ा योगदान रहा है।कार्यक्रम के संयोजक सरपंच अन्नू चौधरी ने अतिथियों का स्वागत सत्कार किया। इस अवसर पर सरपंच सुरेश चंद्र भेड्डी,ब्लॉक अध्यक्ष ओबीसी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तेजसिंह यादव,ब्लॉक अध्यक्ष माजरी कला,बर्डोद ब्लॉक अध्यक्ष अमीलाल सैनी,सरपंच सौताज सिंह यादव,गंडाला सरपंच जोगेंद्र यादव,सरपंच अशोक यादव ऊटोली,सरपंच सुनील कुमार,रामवतार गुर्जर,पंचायत समिति सदस्य सुमित्रा टिकानिया,सुनील यादव,रमेश सिंह यादव,विक्रम सिंह यादव,अजीत सिंह मेघवाल सहित अन्य मौजूद रहे।



# हर वर्ष की भांति साम्प्रदायिक सौहार्द व सद्भाव से मनाये आगामी त्यौहार: जिला कलेक्टर

***जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन***




**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)** । जिला कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी साम्प्रदायिक सद्भाव व सौहार्द से त्योहार मनाये । प्रशासन व पुलिस के साथ आपसी समन्वय रखते हुए शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहारो का आयोजन हो जिला कलेक्टर बुधवार को आगामी बारावफात व गणेश विसर्जन के त्यौहार के मध्यनजर आयोजित की गई जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में मौजूद सदस्यो को संबोधित कर रहे थे । जिला कलेक्टर तोमर ने कहा कि सभी सदस्यगण युवाओं को सोशल मीडिया पर अनावश्यक टिप्पणी नही करने के लिए प्रेरित करे । त्योहारो का शान्तिपूर्ण आयोजन करवाना हम सभी की सामुहिक जिम्मेदारी है । प्रशासन व पुलिस बेहतर आयोजन के लिए हर संभव प्रयास करेगा ।

तोमर ने कहा कि गणेश विसर्जन के दौरान छोटे बच्चों का विशेष रूप से ध्यान रखें उन्हें सावधानी रखते हुए गहरे पानी में जाने से रोके । उन्होंने नगर परिषद को साफ सफाई व अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए । जिला पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह ने कहा कि सभी धर्मों व समुदाय के लोग आपसी भाईचारे से कानून व शांति व्यवस्था बनाये रखते हुए पर्व मनाये उन्होंने कहा कि शांति समिति के सदस्यगणों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाएगा जिससे कि भविष्य में भी प्रशासन व पुलिस से आपसी समन्वय बना रहे । पुलिस अधीक्षक ने कहा कि साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर बारीकी से नजर रख सख्त कार्रवाई की जाएगी बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने शांतिपूर्ण त्योहार मनाये जाने के लिए विभिन्न सुझाव भी दिए एवं सदस्यों ने जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक को आश्वस्त किया कि पूर्व की भांति इस बार भी त्योहारों के शांतिपूर्ण आयोजन के लिए सहयोग मिलेगा । ब्यावर जिले में पूर्व में भी शांतिपूर्ण व आपसी भाईचारे से त्योहार मनाए गए हैं एवं इस बार भी प्रशासन व पुलिस की हर संभव सहयोग कर नवगठित जिला मिशाल कायम करेगा बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर बजरंग सिंह ,उपखंड अधिकारी मृदुल सिंह , एडिशनल एसपी हिमांशु जांगिड़ सहित प्रशासन व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्य गण मौजूद रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# गैंगस्टर-खालिस्तानी गठजोड़ के खिलाफ कार्रवाई जरूरी

भारत के खिलाफ खालिस्तानी अभियान की तह तक जाना जरूरी है। कनाडा में जो कुछ भी हो रहा है, वह अनायास ही नहीं हो रहा है। भारत से अलग खालिस्तान की मांग करने वाले गुटों व लोगों को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई समेत अनेक भारत विरोधी ताकतें खाद-पानी दे रहे हैं। भारतीय खुफिया एजेंसी के पास अनेक साक्ष्य हैं, जिनमें इन्हें बाहरी समर्थन व मदद की बात है। भारत में वांछित अनेक खालिस्तानी आतंकी पाकिस्तान, कनाडा और दूसरे मुल्कों में पनाह पाए हुए हैं। पाकिस्तान की सरकार तो भारत में वांछित नौ से अधिक खालिस्तानी आतंकी को अपनी सुरक्षा प्रदान की हुई है। अभी कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो ने जिस शर्मनाक तरीके से भारत पर खालिस्तानी आतंकी की हत्या में हाथ होने का आरोप मढ़ा है, वह भारत व कनाडा के रिश्ते में दरार लाने के लिए काफी है। राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनआईए) का गैंगस्टर और खालिस्तानी गठजोड़ के खिलाफ एक्शन इसकी जड़ तक जाने में मदद करेगी। भारत अपने खिलाफ किसी भी आतंकी, आलगाववादी अभियान को बर्दाश्त नहीं करेगा। एनआईए ने पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली एनसीआर, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में गैंगस्टर और खालिस्तानी गठजोड़ से जुड़े करीब 51 ठिकानों पर छापेमारी की है। एनआईए ने आतंकवादियों, गैंगस्टरों और ड्रग्स डीलर्स के बीच सांठगांठ से जुड़े 3 केस में ये कार्रवाई की है। एनआईए की ये कार्रवाई ऐसे वक्त पर चल रही है, जब खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर कनाडा और भारत के बीच तनाव चल रहा है। भारत को अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने का हक है और जो भी लोग देशविरोधी अभियान में लिप्त हैं, उन्हें कानून के कटघरे तक लाना जरूरी है। भारत पाक प्रायोजित आतंकवाद से चार दशकों से पीड़ित है, इसलिए वह खालिस्तान जैसे अलगाववादी अभियान के खतरे को जानता है। भारत ने काफी मशक्कत के बाद पंजाब से पाकिस्तान व उसके कुछ समर्थक देशों द्वारा प्रायोजित खालिस्तानी आतंकवाद का खात्मा किया था। पंजाब में अभी अमन चैन है। भारत ने कश्मीर में भी पाक प्रायोजित आतंकवाद की कमद तोड़ दी है। आतंकवाद केवल दक्षिण कश्मीर तक सीमित कर दिया गया है। जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद के सफाये के लिए भारतीय सेना ऑपरेशन क्लीन चला रहा है, जिसमें काफी सफलता भी मिली है। पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ आतंकवाद को नया रूप देने के लिए खालिस्तान समर्थकों को हवा देनी शुरू की है। कनाडा प्रयोगशाला बन रहा है। खुद को उदारवादी देश साबित करने के चक्कर में कनाडा की सरकार पाकिस्तान के खेल को समझ नहीं पा रही है और वोट बैंक की राजनीति में उलझे जस्टिन टूडो कनाडा में सशक्त हो रहे आतंकवादियों के भावी खतरे को भांप नहीं पा रहे हैं। जैसे पहले भारत को नुकसान पहुंचाने के लिए पाकिस्तान ने आतंकवाद को पाला पोसा, और बाद में वह भी उन्हीं आतंकियों के हमलों का शिकार भी हुआ। पाकिस्तान भारत विरोध में अंधा बना हुआ है, लेकिन कानाडा को सतर्क होना चाहिए। यूरोप के अनेक देशों में आतंकी हमले के बाद भी कनाडा सबक नहीं ले रहा है। बहरहाल एनआईए की कार्रवाई जरूरी प्रक्रिया है और राष्ट्रीय जांच एजेंसी को गैंगस्टर-खालिस्तानी आतंकी नेक्सस की तह में जाकर इसकी फंडिंग व हेल्पिंग चेन के सच को सामने लाना चाहिए।



उपलब्धियां
राकेश अचल

# बहुत देर में पहचाना गया वहीदा को

ख्यातिनाम अभिनेत्री वहीदा रहमान को दादा साहब फाल्के पुरस्कार देकर भारतीय फिल्म जगत ने अपने आपको कृतघ्न होने से बचा लिया। पूरे दो दशक के बाद इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए किसी फिल्म अभिनेत्री को चुना गया है। पद्मश्री, पद्म भूषण, चार बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री, फ़िल्म फ़ेयर लाइफ़टाइम एचीवमेंट अवॉर्ड, एनटीआर राष्ट्रीय पुरस्कार, भारतीय फ़िल्म हस्ती का शताब्दी पुरस्कार से सम्मानित वहीदा जी को दादा साहब फाल्के पुरस्कार दिया जाना इस पुरस्कार के कद को ही ऊंचा करता है। श्वेत-श्याम फिल्म सीआईडी से जनता के दिल में जगह बनाने वाली वहीदा रहमान का सिक्का 1960, 1970 और 1980 के दशक तक जारी रहा।

देश की ख्यातिनाम अभिनेत्री वहीदा रहमान को दादा साहब फाल्के पुरस्कार देकर भारतीय फिल्म जगत ने अपने आपको कृतघ्न होने से बचा लिया। पूरे दो दशक के बाद इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए किसी फिल्म अभिनेत्री को चुना गया है। वहीदा रहमान के मुरीद इस खबर से खुश हैं, लेकिन वहीदा जी को कदाचित इस उपलब्धि से शायद बहुत ज्यादा खुशी न हो, क्योंकि 85 साल की उम्र में इस तरह के सम्मान,पुरस्कार जीवन में हिलोरें पैदा नहीं कर पाते। करियर के एक मुकाम पर मिले तो बेहतर है।

वहीदा रहमान का जन्म 3 फ़रवरी, 1938 में हैदराबाद के एक परंपरागत मुस्लिम परिवार में हुआ था। बचपन से ही डॉक्टर बनने का सपना संजो रखा था वहीदा रहमान ने पर किस्मत को ये मंजूर न था, फेफड़ों में इंफेक्शन की वजह से वह यथोचित शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकीं। भरतनाट्यम में प्रवीण वहीदा को अपने अभिभावकों से अभिनय की प्रेरणा मिली। 1955 में उन्हें एक के बाद एक करके दो तेलुगू फ़िल्मों में काम करने अवसर मिल गया।

वहीदा रहमान आजकल; लव-जिहाद को लेकर हंगामा करने वाली पीढ़ी के लिए शायद उतनी महत्वपूर्ण न हों, लेकिन ऐसी अनेक पीढ़ियां हैं जो वहीदा रहमान के अभिनय पर जान छिड़कती रहीं है। वहीदा रहमान न हिन्दू हैं और न मुसलमान वे भारतीय सिनेमा जगत की एक धरोहर हैं। वे नाम से भी वहीदा (अतुलनीय) हैं और (रहमान) रहमदिल भी। वे जितना अच्छा अभिनय करती हैं उतना ही बेहतरीन भरतनाट्यम नृत्य भी। वहीदा होना यूं भी आसान बात नहीं है।

वहीदा रहमान मेरे जन्म के पहले से सिनेमा में सक्रिय थीं। मैंने उनकी अपवाद स्वरूप कुछ फिल्मों को छोड़कर शायद सभी फ़िल्में देखीं है। बात शायद 1964 की है जब मैंने 1957 में बनी उनकी पहली फिल्म प्यासा देखी थी। ये उम्र थी जिसमें कुछ भी समझ नहीं आता था सिवाय इसके की एक दुबली-पतली और एक अलग केश विन्यास वाली हीरोइन है जो आँखों को अच्छी लगती है। मैंने वहीदा जी को सही ढंग से पहचाना 1964 में बनी फिल्म गाइड से। गाइड एक क्लासिक फिल्म थी, लेकिन इस फिल्म में मुझे देवानंद से ज्यादा वहीदा रहमान का अभिनय प्रभावी लगा। मेरे सर पर वहीदा जी का ऐसा भूत सवार हुआ कि उनकी कोई भी फिल्म किसी भी सिनेमाघर में लगती थी, उसे देखे बिना मुझे चैन नहीं पड़ता था। वहीदा जी का ऐसा जादू था।

आज की पिज्जा-बर्गर पीढ़ी वहीदा रहमान के अभिनय के जादू की कल्पना नहीं कर सकती। जिस जमाने में वहीदा रहमान ने अपने अभिनय की यश पताका फहराई उस समय न कैमरे बेहतरीन थे और न सिनेमेटोग्राफी की तकनीक। सब कुछ आपके अभिनय और काया पर निर्भर करता था। कैमरा आपकी खूबसूरती को कम या ज्यादा नहीं कर सकता था। फिल्म प्यासा की गुलाबो, और सोलहवां साल की लाज हो या कागज के फूल की शांति हो या एक फूल चार कांटे की सुषमा, काला बाजार की अलका हो या रूप की रानी चोरों के राजा की रूपा,वो सिर्फ वहीदा थी। हर भूमिका में सौ फीसदी फिट। राखी की राधा कुमार या बीस साल बाद की राधा,गाइड की



नलिनी हो या राम-श्याम की अंजना इन सभी भूमिकाओं को वहीदा रहमान ने जो रंग और आकार दिया वो अविश्वसनीय है, वहीदा है, अविस्मरणीय है।

फिल्म आदमी की मीना या नीलकमल की नीलकमल और सीता ,मेरी भाभी की माया और प्रेम पुजारी की सुमन केवल वहीदा रहमान ही हो सकती थी। फिल्म दर्पण की माधवी और रेशमा -शेरा की रेशमा को कौन भूल सकता है ? कभी-कभी की अंजलि मल्होत्रा और त्रिशूल की शांति को किसने नहीं देखा। इन सभी भूमिकाओं में 2006 में आयी रंग दे बसंती में अजय की मान भीतो वहीदा रहमान ही थी। वहीदा के पास रूप,रंग,अभिनय सब कुछ था जो आज की तमाम नामी अभिनेत्रियों के पास नहीं है। मैं आज भी जब 1957 में बनी 'प्यासा ' फिल्म को देखता हूँ तो समझ नहीं पाता कि किसी चरित्र को वहीदा रहमान कैसे अपने में आत्मसात कर लेती हैं। फ़िल्मी दुनिया का हर अभिनेता और अभिनेत्री दादा साहब फाल्के पुरस्कार को हासिल कर मरना चाहता है, लेकिन सबका सपना पूरा नहीं होता।

1969 में जब दादा साहेब फाल्के पुरस्कार स्थापित हुआ था तब किसी ने नहीं सोचा था की इसे भारतीय सिनेमा जगत का नोबेल पुरस्कार माना जाएगा। कहने को पहला दादा साहब फाल्के पुरस्कार महिला अभिनेत्री देविका रानी को मिला था, लेकिन बाद में पितृसत्तात्मक समाज ने महिलाओं को पीछे धकेलना शुरू कर दिया। अब तक दिए गए 67 पुरस्कारों में से केवल 6 महिला अभिनेत्रियों को, जिनमें लता जी और आशा भोंसले भी शामिल हैं, ये पुरस्कार दिया गया। श्वेत-श्याम फिल्म सीआईडी से जनता के दिल में जगह बनाने वाली वहीदा रहमान का सिक्का 1960, 1970 और 1980 के दशक तक जारी रहा। उन्होंने गाइड (1965) में अपनी भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का फिल्मफेयर पुरस्कार जीता। यहाँ वह अपने करियर के शिखर पर पहुँची। उन्होंने नील कमल (1968) के लिये भी ये पुरस्कार जीता। वह पद्मश्री, पद्म भूषण, चार बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री, फ़िल्म फ़ेयर लाइफ़टाइम एचीवमेंट अवॉर्ड, एनटीआर राष्ट्रीय पुरस्कार, भारतीय फ़िल्म हस्ती का शताब्दी पुरस्कार से सम्मानित हैं। उनकी अनेक फ़िल्में बॉक्स ऑफिस पर असफल भी रहीं, लेकिन इस असफलता से वहीदा रहमान के व्यक्तित्व पर कोई असर नहीं पड़ा। सीआईडी के हिट होने के बाद वहीदा रहमान और गुरु दत्त ने साथ में कई फिल्मों में काम किया। इनमें प्यासा, कागज के फूल, चौदहवीं का चाँद, साहिब-बीवी और गुलाम शामिल हैं। गुरु दत्त और वहीदा रहमान की जोड़ी हिट रही और इसी के साथ दोनों के प्रेम संबंधों की खबरें भी सामने आने लगी थी। गुरु दत्त वहीदा के प्यार में इस कदर डूबे हुए थे कि वह फिल्म में उनके साथ अपने अलग सीन्स लिखवाते थे। गुरु दत्त पहले से शादीशुदा थे, जब उनकी पत्नी गीता को इस बारे में पता चला था तो वह टूट गई थीं। उस वक्त गुरु ने प्रेमिका की जगह पत्नी को चुना था। कहा जाता है कि गुरु दत्त वहीदा से अलग होकर टूट गए थे और एक वक्त ऐसा आया जब उन्होंने आत्महत्या कर ली। मैंने बहुत पहले वहिदा रहमान का एक इंटरव्यू देखा था, जिसमें उन्होंने कहा था कि - उन्होंने फिल्मों में पहने जाने वाले कपड़ों से कभी समझौता नहीं किय। उन्होंने अपनी पहली हिंदी फिल्म 'सीआईडी' में पहले ही अनुबंध में इस बात का जिक्र किया था कि अगर मुझे पोशाक पसंद नहीं आएगा तो मैं उसे नहीं पहनूंगी। 'सीआईडी' के निर्देशक राज खोसला ने वहीदा रहमान को सुझाव दिया था कि वह अपना नाम बदल लें, क्योंकि यह बहुत लंबा था, लेकिन उन्होंने इससे इनकार कर दिया। वहीदा जी शतायु हों ,स्वस्थ्य रहें। वह आज भी उतनी ही सुंदर, उतनी ग्रेसफुल लगती हैं। इन दिनों उनकी हेयरस्टाइल में कान से ऊपर उनके बालों में जो लहर सी बनती है, वह मेरी एक मौसी मां की याद दिलाती है। उनके जीवन की कोई साध शायद अब शेष नहीं है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## जयंती विशेष

विवेक शुक्ला



# क्या भगत सिंह होते तो ना होता भारत-पाक विभाजन?

शहीदे ए आजम भगत सिंह की जयंती आज 28 सितंबर को भारत और पाकिस्तान में मनाई जाएगी। अविभाजित भारत के वे एकमात्र इस तरह की शख्सियत हैं जो भारत-पाकिस्तान को जोड़ते हैं। वे दोनों देशों के करोड़ों लोगों के नायक बने हुए हैं। उनकी जयंती और शहीदी दिवस सरहद के आर-पार लगभग समान तरीके से मनाया जाता है। भगत सिंह पाकिस्तान में भी बहुत आदर के भाव से देखे जाते हैं। वे वहां के पंजाब सूबे के तो कम से कम नायक हैं।

क्या भगत सिंह जीवित होते तो पाकिस्तान की मांग उठाई जाती? अगर उठाई जाती तो वे इसक कसकर विरोध करते। निश्चित रूप से करते। भगत सिंह जब फांसी पर लटकाए गए तब तक मुस्लिम लीग ने मुसलमानों के लिए अलग देश की मांग करनी चालू नहीं की थी। मुस्लिम लीग ने पाकिस्तान की मांग 1940 से करनी शुरू की थी। उसने पाकिस्तान के हक में प्रस्ताव 23 मार्च, 1940 को उसी लाहौर में पारित किया था जिस शहर में भगत सिंह को 23 मार्च 1931 को फांसी दे दी गई थी। यानी भगत सिंह के फांसी पर चढ़ने के नौ सालों के बाद पाकिस्तान की मांग हुई।




पाकिस्तान में किसी गैर- मुस्लिम को नायक का दर्जा नहीं मिल पाता है। इस लिहाज से भगत सिंह सबसे अलग खड़े होते हैं। हालांकि वे अपने को किसी धर्म के साथ नहीं जोड़ते थे। वे तो अपने को नास्तिक कहते थे। उन्होंने इस मसले पर एक निबंध भी लिखा है कि वे नास्तिक क्यों हैं। इसके बावजूद घनघोर कठमुल्ला देश पाकिस्तान में भी उन्हें सम्मान मिलता है। बहरहाल, पाकिस्तान के लाहौर, स्यालकोट, गुजरावाला और कुछ अन्य स्थानों पर उनका जन्म दिन और शहीदी दिवस नियमित रूप से मनाया जाता है। दरअसल भगत सिंह और उनके दो अन्य साथियों क्रमशः राज गुरु और सुखदेव को लाहौर सेंट्रल जेल में 23 मार्च 1931 को फ़ांसी दी गई थी। उन पर इल्ज़ाम लगाया गया था कि उन्होंने एक ब्रितानी अधिकारी की हत्या की थी।

भगत सिंह अपने क्रांतिकारी विचारों के कारण भारत-पाकिस्तान के लोगों को प्रेरित करते हैं। वे प्रशासनिक और पुलिसिया अन्याय़ और साम्राज्यवाद के खिलाफ सबसे सशक्त प्रतीक के रूप में हमारे सामने आते हैं। भगत सिंह संभवतः देश के पहले चिंतक क्रांतिकारी थे। वे एक गहन राजनीतिक विचारक भी थे। वे लगातार लिखते-पढ़ते थे। उनसे पहले या बाद में कोई उनके कद का चिंतनशील क्रांतिकारी सामने नहीं आया। अगर भारत-पाकिस्तान की सरकारें भगत सिंह से जुड़े प्रतीकों को एक-दूसरे के देशों के लोगों को देखने के लिए खोल दें, तो यह एक बड़ी और सकारात्मक पहल होगी। देखिए भारत-पकिस्तान के बीच के जटिल मसले कब पूरी तरह से हल होंगे, इस प्रश्न का कोई भी उत्तर नहीं दे सकता है। लेकिन, दोनों देशों के अवाम को ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मुद्दों पर एक-दूसरे से मिलने-जुलने की अनुमति तो होनी चाहिए। जब करतारपुऱ कोरिडोर को खोला जा सकता है, तो फिर भगत सिंह से जुड़े प्रतीकों को देखने की भी अनुमति मिले तो इसमें क्या बुराई है। पर पाकिस्तान में सरकारें कठमुल्लों के डर और दबाव के कारण भगत सिंह की विरासत को संजो कर रखने के लिए कदम नहीं उठाती। वहां पर भगत सिंह के चाहने वाले चाहते हैं कि फैसलाबाद में स्थित भगत सिंह के पुश्तैनी मकान को स्मारक बना दिया जाए। पाकिस्तान सरकार ने इस घर को सांकेतिक रूप से हैरीटेज साइट का दर्जा दिया था, लेकिन इसकी सही तरीके से देखरेख नहीं हुई। फैसलाबाद को पहले लायलपुर के नाम से जाना जाता था और शहीद भगत सिंह का जन्म यहीं पर हुआ था। फैसलाबाद के बंगा गांव में भगत सिंह के परिवार का पुश्तैनी घर था जहां वो पले-बढ़े थे। पाकिस्तान सरकार कुछ भी करें, पर वहां का अवाम तो भगत सिंह को अपना हीरो मानता है। भारत के तो वे शिखर नायक रहेंगे ही। हमारे यहां भी कुछ तत्व उन्हें सच्चा सिख साबित करने पर आमदा रहते हैं। उनका जन्म अवश्य एक उस सिख परिवार में हुआ था जो मूलतः आर्य समाजी था। भगत सिंह को मूरतों में कभी पगड़ी में, तो कभी हैट में दिखाया जाता है। उनकी संसद भवन और दिल्ली विधानसभा में प्रतिमाएं लगी हैं। संसद भवन में उन्हें पगड़ी में दिखाया गया है, जबकि दिल्ली विधानसभा में वे हैट पहने हैं। भगत सिंह को 23 मार्च, 1931 को फांसी दी गई थी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं ये उनके अपने विचार हैं।)

# कथनी और करनी में न हो कोई अंतर



संकलित

दर्शन

सभी के हित का ध्यान रखते हुए मनसा, वाचा, कर्मणा अपने दायित्वों का सम्यक रूप से निर्वाह करना कर्त्तव्य है। कर्त्तव्य का पालन यदि समुचित रूप से किया जाता है तो जीवन पूर्णतः गौरवान्वित बनता है। जो कर्त्तव्यनिष्ठ है। वह अपने करणीय कर्म के प्रति पूरी तरह से समर्पित होता है। वह परमार्थ पोषक एवं प्रामाणिक होता है। वह जैसा रहता है, वैसा ही करता भी है। ऐसी कथनी-करनी की एकरूपता से वह समाज में श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करता है और प्रत्येक उससे प्रेरणाएं ग्रहण करता है। कर्त्तव्य परिपालन की बात करना और कर्त्तव्य परिपालन के नाम पर शोर-शराबा मचाना अलग बात है और कर्त्तव्यों के क्षेत्र में बिना किसी शोर-शराबे के समर्पित हो जाना अलग बात है। आज हम देखते हैं कि कर्त्तव्यों के परिपालन के लिए अक्सर लम्बे-चौड़े उपदेश दिये जाते हैं, पर जब कर्तव्य निर्वाह का अवसर आता है तो व्यक्ति दायें-बायें देखने लगता है। कटु सत्य तो यह है कि आज कर्त्तव्यों की चर्चा करने वाले लाखों हैं, पर कर्त्तव्यों के पावन पथ पर गतिशील होने वाले विरले ही हैं। कई बार मुझे चिंतन के क्षणों में लगता है कि आज व्यक्ति कर्त्तव्यों से विमुख हो गया है। इस विमुखता के कारण प्रत्येक क्षेत्र में अराजकता और अशांति का विस्तार हुआ है। कर्त्तव्यों के पावन क्षेत्र से भटककर कोई व्यक्ति कभी भी शांति का अहसास नहीं कर सकता। जीवन का गौरव और उसकी सार्थकता कर्त्तव्य पालन में ही है। कर्त्तव्यनिष्ठ व्यक्ति गुलाब का फूल है, वह काँटों में मुस्कराता है।

# मूर्ख साधू और ठग




संकलित

प्रेरणा

किसी गाँव के मंदिर में देव शर्मा नाम का एक प्रतिष्ठित साधू रहता था। उसे अपने भक्तों से दान में तरह- तरह के वस्त्र, उपहार, खाद्य सामग्री और पैसे मिलते थे। उन वस्त्रों को बेचकर साधू ने काफी धन जमा कर लिया था। वह अपने धन को एक पोटली में रखता था और उसे हमेशा अपने साथ लेकर ही चलता था। उसी गाँव में एक ठग रहता था। ठग हमेशा साधू का पीछा किया करता था, लेकिन साधू उस गठरी को कभी अपने से अलग नहीं होने देता। उसने साधू से मिन्नत की कि वह उसे अपना शिष्य बना ले क्योंकि वह ज्ञान प्राप्त करना चाहता था। साधू तैयार हो गया और इस तरह से वह ठग साधू के साथ ही मंदिर में रहने लगा। ठग मंदिर की साफ सफाई से लेकर अन्य सभी कार्य भी करता था। एक दिन साधू को पास के गांव में एक अनुष्ठान के लिए आमंत्रित किया गया, साधू ने वह आमंत्रण स्वीकार किया और निश्चित दिन साधू अपने शिष्य के साथ अनुष्ठान में भाग लेने के लिए निकल पड़ा। रास्ते में एक नदी पड़ी और साधू ने स्नान करने की इच्छा व्यक्त की। उसने पैसों की गठरी को एक कम्बल के भीतर रखा और उसे नदी के किनारे रख दिया। उसने ठग से सामान की रखवाली करने को कहा और खुद नहाने चला गया। ठग को तो कब से इसी पल का इंतज़ार था। जैसे ही साधू नदी में डुबकी लगाने गया, वह रुपयों की गठरी लेकर चम्पत हो गया। शिक्षाः किसी अजनबी की चिकनी चुपड़ी बातों में आकर ही उस पर विश्वास नहीं कर लेना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### विकास के दावे सच्चाई से कोसों दूर

यह देखा जाता है कि जिन देशों में जमीनी स्तर पर विकास की गतिविधियां वास्तविक रूप से बढ़ती हैं, तो उन देशों में लोगों की आर्थिक स्थिति अच्छी होने लगती है और रोजगार में बढ़ोतरी होती है, गरीबी और भुखमरी खात्मे की ओर अग्रसर होती हैं, खुशहाली का मंजर देखने को मिलता है। लेकिन इसे विडंबना ही कहा जा सकता है कि कुछ देशों में विकास की गतिविधियों के बावजूद न तो बेरोजगारी की स्थिति सुधरने लगती है और न ही गरीबी व भुखमरी में कमी आने लगती है। अपने भारत देश में भी कुछ ऐसा ही देखा जा सकता है, जहां हम विकास होने की चर्चा तो करते रहते हैं, पर लगता नहीं है कि देश में बेरोजगारी में कमी आई हो, और न ही गरीबों की संख्या में कमी आई है। भारत में विकास के दावे सच्चाई से कोसों दूर हैं।

*– शंकर शर्मा, जगदलपुर*

## करंट अफेयर

# भारत के खिलाफ कनाडा के आरोपों की निष्पक्ष जांच हो



अमेरिका ने कहा है कि कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में इस साल की शुरुआत में एक अलगाववादी सिख नेता की हत्या में भारत की संलिप्तता को लेकर उसके (कनाडा के) आरोपों की पूर्ण और निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने मंगलवार को यहां एक सम्मेलन में कहा, 'हमें लगता है कि इस तरह के चिंताजनक आरोपों की पूर्ण और निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।'उन्होंने कहा, 'कनाडा का कहना है कि वह पूर्ण और निष्पक्ष जांच करने के लिए प्रतिबद्ध है और हमारा मानना है कि भारत सरकार को इसमें सहयोग करना चाहिए।' मिलर नयी दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के समापन के बाद कनाडा और भारत के बीच चल रहे विवाद को लेकर किए गए सवाल का जवाब दे रहे थे। कनाडा ने भारत पर ब्रिटिश कोलंबिया में सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया है। भारत ने आरोपों को 'निराधार' बताया है और कहा है कि कनाडा आतंकवादियों के लिए पनाहगाह बन गया है। मिलर ने कहा, ''हम स्पष्ट रूप से कनाडा की स्थिति को लेकर काफी चिंतित हैं। हमने अपने कनाडाई समकक्षों के साथ निकटता से सहयोग किया है।

## ऑफ बीट

# नाक से सांस लेने पर आपकी दौड़ हो सकती है आसान



श्वास अवचेतन है। हमें इसके बारे में सोचने की ज़रूरत नहीं है – यह बस हो जाता है। कम और मध्यम तीव्रता वाले व्यायाम (जैसे पैदल चलना और साइकिल चलाना) के दौरान, हममें से अधिकांश लोग अपनी नाक से सांस लेते हैं और अपने मुंह से सांस छोड़ते हैं। लेकिन व्यायाम जितना अधिक तीव्र होता जाता है, उतना ही हम पूरी तरह मुंह से सांस लेने लगते हैं। हममें से अधिकांश लोग यह मानेंगे कि गहन व्यायाम के दौरान मुंह से सांस लेना सबसे अच्छी तकनीक है, क्योंकि यह हमारी मांसपेशियों तक अधिक ऑक्सीजन पहुंचने में मदद देता है। लेकिन सबूत इसके विपरीत दिखाते हैं – और यह कि आपकी नाक से सांस लेना वास्तव में गहन व्यायाम (जैसे दौड़ना) के दौरान उपयोग करने के लिए एक बेहतर तकनीक हो सकती है। व्यायाम करते समय, मुंह से सांस लेने की तुलना में नाक से सांस लेने पर कम ऑक्सीजन का उपयोग होता है। हालांकि यह कोई फ़ायदा नहीं लग सकता है, लेकिन मूल रूप से इसका मतलब यह है कि शरीर कम ऑक्सीजन का उपयोग करते हुए भी उतनी ही मात्रा में व्यायाम कर सकता है। और गति को अधिक समय तक बनाए रखना ही सफलता का मूलमंत्र है।

## ट्रेंड

### न्याय का नैसर्गिक भाव



उच्चतम न्यायालय में नौ प्रतिशत और उच्च न्यायालयों में लगभग चौदह प्रतिशत महिला न्यायाधीश हैं। मुझे लगता है कि यहां भी महिलाओं की समुचित भागीदारी होनी चाहिए। मेरा मानना है कि महिलाओं में न्याय करने का नैसर्गिक भाव होता है।

**-द्रोपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**

### समुद्री चमत्कारों का उत्सव



साइंस सिटी में जलीय गैलरी जलीय जैव विविधता और समुद्री चमत्कारों का उत्सव है। यह हमारे जलीय पारिस्थितिकी तंत्र के नाजुक लेकिन गतिशील संतुलन पर प्रकाश डालता है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### शानदार अनुभव



आईएमएफ में आंध्र प्रदेश के छात्रों का स्वागत करना वास्तव में बहुत शानदार था। मुझे खुशी है कि वे अपने संयुक्त राष्ट्र और अमेरिका दौरे के हिस्से के रूप में आईएमएफ मुख्यालय में रुके। उनसे मिलकर बहुत खुशी हुई।

**-गीता गोपीनाथ, उपनिदेशक आईएमएफ**

### बिल्कुल नई दुनिया



एक प्रार्थना सुनी गई, एक आशीर्वाद दिया गया, एक गीत फुसफुसाया गया, एक रहस्यमय सत्य। हमारी बच्ची राबिया का जन्म 23 सितंबर को हुआ। कृतज्ञ और प्रसन्न मन से हम प्यार के लिए धन्यवाद करते हैं। यह एक बिल्कुल नई दुनिया है।

**-स्वरा भास्कर, अभिनेत्री**




गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) का आह्वान...

# शिक्षा बचाओ महापंचायत करेंगे शिक्षक



सितारा न्यूज नेटवर्क

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)** । राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के आह्वान पर सूरज मैदान आदर्श नगर में शिक्षा बचाओ महा पंचायत का आयोजन किया जा रहा है । उपशाखा चौमूं से अधिकाधिक शिक्षक महापंचायत में पहुंचें इसके लिए अलग-अलग जिम्मेदारियां तय करते हुए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नवीन कुमार शर्मा व सेवानिवृत्ति प्रकोष्ठ सदस्य बालकृष्ण भारद्वाज ने महापंचायत के लिए आधिकारिक शिक्षकों से भाग लेने का आह्वान करते हुए व्यवस्थाओं में अपना पूर्ण सहयोग करने को कहा है ।रोहिताश दादरवाल व निर्विकार शर्मा ने बताया कि शिक्षकों की मांगों की लगातार अनदेखी से आक्रोशित शिक्षक जो की लगातार बीएलओ सहित अन्य तमाम गैर शैक्षिक कार्य से त्रस्त है नित नए आदेशों से आशंकित है कि बच्चों की शिक्षा का क्या होगा ? जिलाध्यक्ष चौथमल कुमावत ने बताया कि 11 सूत्री मांग को लेकर की जा रही महापंचायत में आधिकारिक शिक्षक पहुंचे इसके लिए क्षेत्रवार जिम्मेदारी तय की गई है इसी क्रम में गोविंदगढ़ से मंत्री बजरंग लाल कुमावत व जिला मीडिया प्रभारी सीताराम शर्मा सिंगोद से सभाध्यक्ष अशोक कुमार खेजरोली मार्ग से नरसीराम हरितवाल व महेश डोड़वाडिया सामोद से सुरेंद्र कुमार मोरीजा रोड से बनवारी लाल मीणा महिला शिक्षकों के लिए मीनू जुनेजा व चंपा कुमारी यादव चौमू शहर के शिक्षकों के लिए लक्ष्मीकांत पुरोहित व बनवारी लाल सैनी टांकरडा मार्ग के लिए सूरजमल सामोता जयपुर शहर के शिक्षकों के लिए रंजू सुरोलिया व प्रमिला वर्मा जिम्मेदारियों को संभालेंगे। ।

*ब्राह्मण समाज राजगढ़ की बैठक आयोजित, समाज के दो बड़े आयोजनो को लेकर हुआ निर्णय ...*

# ब्राह्मण समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह 15 अक्टुबर व 23 नवम्बर को सामूहिक विवाह सम्मेलन का होगा आयोजन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना** । अलवर के राजगढ़ उपखंड में श्री ब्राह्मण समाज राजगढ़ द्वारा आयोजित बैठक में 15 अक्टुबर को प्रतिभा सम्मान समारोह एवं 23 नवंबर को ब्राह्मण समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय किया गया।

सचिव प्रदीप शर्मा ने मीडिया को बताया कि समाज के अध्यक्ष राजेश शर्मा (ठेकेदार) की अध्यक्षता में एक बैठक राजगढ कस्बे की ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजन की गई जिसमे दो सामाजिक कार्यक्रम करने के निर्णय लिए गए जिनमे प्रथम कार्यक्रम 15 अक्टुबर को प्रतिभा सम्मान समारोह रखा जायेगा व दुसरे 23 नवम्बर को सामूहिक विवाहों को समारोह आयोजित किया जाएगा। प्रतिभा सम्मान समारोह में कक्षा 10 वीं व 12 वीं में 85 प्रतिशत तथा स्नात्तक/ स्नाकोत्तर/ बी टेक /एम टेक व समकक्ष में 70 प्रतिशत अंक लाने वालो को सम्मनित किया जायेगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जनवरी 23 के बाद जिस भी विप्र बंधू की सरकारी नियुक्ति हुई हो या किसी ने राज्य , राष्ट्रीय , अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धि हासिल की हो उन्हें श्री ब्राह्मण समाज राजगढ़ द्वारा सम्मानित किया जायेगा। बैठक में 23 नवम्बर को समाज द्वारा सामूहिक विवाह समारोह भी करने का निर्णय लिया गया जिसका ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करने की पदाधिकारियो को जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर मदनलाल शर्मा , दिनेश शास्त्री , महंत पंडित उदयभान शर्मा , सुरवेश्वर दयाल शर्मा , प्रकाश दीक्षित , हरिशंकर शर्मा , बाबूलाल गुगड़ोद , संतोष बड़सर , वीरेंद्र दाधीच , नागपाल शर्मा व मैनेजर कमलेश शर्मा सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें। मिडिया को यह सारी जानकारी नागपाल शर्मा द्वारा दी गई है।

# तेजा मेला में लाइफ लाइन रक्तदाता ग्रुप ने रक्तदान जागरूकता प्रदर्शनी से आमजन को किया लाभान्वित

सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)**। तीन दिवसीय ऐतिहासिक तेजा मेले में संस्था लाइफ लाइन फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा रक्तदान जागरूकता प्रदर्शनी लगाकर मेले में आए सैकड़ो रक्तदातों के रक्तदान संकल्प पत्र भराए संस्था के संस्थापक लक्ष्मणसामरिया ने बताया उपखंड अधिकारी कार्यालय के निर्वाचन स्वीप कार्यक्रम के तहत उनके प्रभारी सीताराम प्रजापत कल्याणमल सोनल के साथ लोकतंत्र के लिए मतदान करें जीवन दान के लिए रक्तदान करें "मतदान कर लोकतंत्र बचाए रक्तदान कर जीवन बचाएं" के स्लोगन से संपूर्ण मेले में राजकीय नर्सिंग इंस्टीट्यूट ब्यावर के द्वारा उनके प्रशिक्षण स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा भीड़ में रस्सी के सहारे गलियारा बनाकर रैली निकाली गई महिलाओं के मेले के दिन महिलाओं के हीमोग्लोबिन एवं उनके ब्लड ग्रुप राजकीय अमृत कौर ब्लड बैंक के लक्ष्मणसिंह सैनी द्वारा चेक कर महिलाओं में विशेष रक्तदान की भ्रांति एवं डर दूर करने का प्रयास किया संस्था के प्रधान सचिव मनोज बारूपाल द्वारा माइक से रक्तदान जागरूकता का संदेश प्रसारित किया गया संस्था के सहसंयोजक आशीष माहेश्वरी द्वारा अमृतकौर ब्लड बैंक ले जाकर रक्तदान करने वालों से रक्तदान कराया मेला कंट्रोल रूम के द्वारा संस्था की राष्ट्रीय महिला संयोजक निर्मला सामरिया भारती बारूपाल द्वारा बार-बार रक्तदान जागरूकता और रक्तदाता रजिस्ट्रेशन के लिए अनाउंसमेंट कराया गया मेले में कई सैकड़ो महिलाओं का राजस्थान सरकार की निशुल्क चिकित्सा जांच से हीमोग्लोबिन एवं ब्लड ग्रुप कराकर लाभान्वित किया लाइफलाइन फेडरेशन ऑफ इंडिया कि रक्तदान जागरूकता प्रदर्शनी को मेले में आए सैकड़ो व्यक्तियों एवं ब्यावर जिला प्रशासन ने प्रदर्शनी को विशेष आकर्षण का केंद्र बताया इस कार्यक्रम में संस्था के कई पदाधिकारी रक्तमित्र सामाजिक मित्र सम्मिलित हुए।





हे सरकार अब तो जागो...

# नई भर्ती व वर्कचार्ज कर्मचारियों की पदोन्नति करवाने सहित अन्य मांगो को लेकर किया सद्बुद्धि यज्ञ

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर**। जलदाय विभाग में तकनीकी कर्मचारियों की नई भर्ती करने, लिवरीज राशि बढ़ाने, कार्यप्रभारित कर्मचारी की समयबद्ध पदोन्नति करवाने, पात्र कर्मचारियों को स्टोरमुंशी बनाने, आठवीं पास बेलदारों को सहायक बनाने सहित अन्य मांगों को लेकर राज्य सरकार को किए हुए वादों को याद दिलाने के लिए बुधवार को राजस्थान वाटर वर्क्स कर्मचारी संघ के प्रधान कार्यालय ज्योति नगर जयपुर में संघ के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप यादव के नेतृत्व में सैकड़ो कर्मचारियों ने सरकार द्वारा किए गए वादों को याद दिलाने के लिए हनुमान चालीसा के पाठ करते हुये सद्बुद्धि यज्ञ किया।



संघ के प्रदेश महामंत्री मोहनलाल शर्मा ने बताया कि विभाग में 1992 के बाद तकनीकी कर्मचारियों की नई भर्ती नहीं की गई है कर्मचारी लगातार सेवानिवृत्ति होते जा रहे हैं प्रदेश में बढ़ती आबादी के अनुसार जनता को पानी पिलाने के लिए नई-नई पेयजल की योजनाएं बनाई जा रही है परंतु उन्हें चलाने के लिए विभाग मे कर्मचारी नहीं है। वर्ष 2013 में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने तकनीकी कर्मचारियों के 1296 पदों की भर्ती निकली थी परंतु आज तक विभाग में भर्ती नहीं हुई, जिसकी वजह से पेयजल सप्लाई को सुचारू रूप से चलने में बड़ी दिक्कत आ रही है साथ ही विभाग में मीटर रीडरों की कमी की वजह से ना तो उपभोक्ताओं की रीडिंग आ रही है और न हीं बिल वितरण समय पर हो पा रहे है जिससे उपभोक्ताओं को तो नुकसान है ही परंतु सरकार को भी बिना रीडिंग के बिल वितरण होने पर राजस्व का नुकसान हो रहा है, सरकार निजीकरण की बजाय कम से कम 30000 कर्मचारियों की तुरंत नई भर्ती करें जिससे विभाग और सरकार की छवि जनता में स्वच्छ बनी रहे। इसके अलावा 2004 के बाद तकनीकी कर्मचारियों की लिवरीज राशि भी नहीं बढाई गई है महंगाई के अनुरूप तकनीकी कर्मचारियों की लिवरीज राशि भी बढ़ाई जाए। संघ के प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल शर्मा ने बताया कि बजट घोषणा में मुख्यमंत्री द्वारा कार्यप्रभारित कर्मचारियों को नियमित कर पदोन्नति के आदेश जारी किए थे परंतु दुर्भाग्य से विभागीय अधिकारियों के लापरवाही की वजह से आज तक भी वर्कचार्ज कर्मचारियों की पदोन्नति नहीं की गई जिससे आक्रोशित कर्मचारियों ने आज ज्योति नगर जयपुर स्थित प्रधान कार्यालय पर सरकार को अपने किये गये वादों को याद दिलाने के लिए सद्बुद्धि यज्ञ किया। कर्मचारी नेताओं ने सरकार को चेतावनी दी की अगर समय रहते हुए अभी भी कर्मचारियों की नई भर्ती के प्रस्ताव , वर्कचार्ज कर्मचारियों के पदोन्नति और लिवरीज की राशि शीघ्र नहीं बढाई तो कर्मचारी आंदोलन करेंगे।

इस मौके पर एकीकृत महासंघ के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़, संघ के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप यादव, महामंत्री मोहनलाल शर्मा, प्रवक्ता बाबूलाल शर्मा, उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह शेखावत, जयपुर शहर अध्यक्ष सहीदउद्दीन, कोषाध्यक्ष प्रभु सिंह रावत, विजय सिंह, रामबक्ष, ओमप्रकाश मीणा, राजेश कुमार वर्मा, नईम खान , जगदीश प्रसाद, भागीरथ मल , रामनारायण मीणा, राम प्रताप मीणा, जयसिंह मीणा, जगदीश सैनी, मानप्रकाश सैनी, भंवर पूनिया, मालचंद सिंधी, गोपाल लाल शर्मा, गोविंदप्रसाद, सत्यम अग्रवाल, श्रवण चौधरी सहित कई नेता उपस्थित रहे।

बेसहारा परिवार का सोशल मीडिया बना सहारा...

# आर्थिक तंगी से झूझ रहे गरीब परिवार की मदद के लिए 1,05000 रु. का जुटाया आर्थिक सहयोग

## सर्व समाज हेल्प टीम कर रही मानवता की मिशाल पेश

सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी (अलवर) महेश चन्द मीना** । अलवर के राजगढ़ उपखंड क्षेत्र के कुंडरोली में हरिचन्द बैरवा की लंबी बिमारी के कारण मौत हो गई , ऐसे में आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार को सर्व समाज के मानवता वादी सहयोग कताओं ने आर्थिक संबल प्रदान किया सर्व समाज हेल्प टीम के सदस्य रामसिंह बडला एवं प्रमोद सैनी सकट ने बताया की हरिचंद बहुत ही गरीब परिवार से था जो मजदूरी करके बच्चों का पालन पोषण कर रहा था, जिसकी 15 सितंबर 2023 को मृत्यु हो गई उनके देहांत के बाद विधवा पत्नी प्रभाती देवी के ऊपर काफी जिम्मेदारी आ गई हरिचंद के उपर उनकी बिमारी एवं बच्चों की पढ़ाई व घर परिवार के पालन-पोषण के लिए लाखों रुपए का कर्जा ले रखा था जो विधवा पत्नी प्रभाती देवी कर्जा चुकाने तो बहुत दूर की बात है वह अपने मासूम बच्चों का पालन पोषण करने में असमर्थ हो गई है इस खबर को सोशल मीडिया पर सुनकर स्थानीय ग्राम वासियों ने व सर्व समाज के सदस्यों ने एक आर्थिक सहायता के लिए एक मिशन हरिचंद कुंडरोली चलाया जिसमें लगभग 450 सहयोग कर्ताओ के सहयोग करने के बाद 105000 रुपए की राशि एकत्रित हुई जिसको 27 अगस्त को सक्रिय सदस्यों ने व स्थानीय ग्रामीणों ने हरिचंद की यादगार में सर्व समाज हेल्प टीम ने एक पलदार पेड़ व एक परिंदा लगाकर व उनकी छायाप्रति पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित करके स्थानीय ग्रामीणों की मौजूदगी में पीड़ित परिवार को राशि सौंप दी। जिसमें 1 लाख ? की पीड़ित परिवार के नाम एफडी कराने का निर्णय लिया व शेष बची राशि 5000 रुपए को हरिचन्द की विधवा पत्नी प्रभाती देवी को घर खर्च के लिए सौंप दिये। मिशन में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी सहयोग कताओं को ग्रामवासियो ने व स्थानीय सरपंच प्रतिनिधि मनोहर लाल ने आभार प्रकट करके बहुत-बहुत धन्यवाद दिया मिशन के सक्रिय सदस्य सुनिल भाकरी, संतोष व सुरेन्द्र कुण्डरोली ने कहां की ऐसी दुखद अनहोनी किसी के साथ नहीं हो और अगर फिर भी ईश्वर रूठ जाता है और ऐसे कोई गरीब परिवार के साथ घटना हो जाती है तो जरुरतमंद परिवार के लिए हम हमेशा सहयोग करने और सहयोग करवाने के लिए आगे रहेंगे और ललित व अमीचंद कांदौली ने सर्व समाज हेल्प टीम की ओर से स्थानीय मौजूद सदस्यों से समाज में फैली कुरीतियों को रोकने की अपिल की जैसे नुक्ता प्रथा अनावश्यक डीजे बजाना ऐसी कुरुतिओ को बंद करने की सभी लोगों से अपील की इस मिशन समापन पर मनोहर लाल सरपंच प्रतिनिधि, रामसिंह बडला, सुनिल भाकरी प्रमोद सैनी सकट,नेमी शर्मा, सुरेन्द्र कुण्डरोली ,ललित,अमीचंद कांदोली,संतोष घुणावत,रामकेश रतनपुरा,हंसराज कांदोली, पप्पू भाकरी,राजेन्द्र, ,संतोष कुंडरोली रोहीताश निरज, कमल,सैतान भाकरी शैलेन्द्र खटाना,मुकेश बामणावत,सोरभ गोपालिया,धर्मेंद्र,मिठ्ठन खोडा, गणधारी,हीरालाल इंदपुरा आदि सक्रिय सदस्य एवं सर्व समाज हेल्प टीम राजगढ़ व स्थानीय ग्रामवासियों के साथ एडमिन पैनल के सदस्यों ने सक्रिय होकर सहयोग किया और सहयोग करवाया ।



67वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में..

# 9 गोल्ड 17 सिल्वर व 4 ब्रोंज मेडल के साथ कंचन देवी जैन उच्च माध्यमिक विद्यालय रहा सिरमौर






सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)** । शहर के मेवाड़ी गेट बाहर स्थित कंचन देवी जैन उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने 67वीं खेलकूद प्रतियोगिता में अव्वल रहकर शहर का नाम किया रोशन जानकारी के अनुसार 67 वी जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने जीते विभिन्न मेडल, शतरंज खेल में अंडर 19 आयू वर्ग में पुनित सिंह ने सिल्वर मेडल प्राप्त कर राज्य स्तर पर चयनित हुआ तथा 17 आयु वर्ग में दिव्यांश मेवाड़ा का भी राज्य स्तर पर चयन हुआ,बॉक्सिंग प्रतियोगिता में अंडर 17 आयु वर्ग में वर्तिका, ख्याति वर्मा और विनीत पोपावत ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया तथा अंडर 17 युवा वर्ग में हेमंत सोलिवाल दिव्यांशु जांगिड़ शबनम शेख ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया तथा सुरभि साहू एवं अलविरा ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया वही अंडर 16 आयु वर्ग में धर्मेंद्र मगरोला ने सिल्वर मेडल तथा पुनयेष सेन और वैभव सोनी में ब्राउन मेडल प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। राज्य स्तरीय कुशती प्रतियोगिता में लवलेश चौहान और इशिका चौहान ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया,कराटे प्रतियोगिता में गुंजन शर्मा और निशा सोनी में गोल्ड मेडल प्राप्त किया उनका भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन हुआ ,जिमनास्टिक प्रतियोगिता में इमरान, दीपेश, शोएब, मोहम्मद अमान, ने गोल्ड मेडल तथा नकुल, वंश, आर्यन, अयान, तनिष्का, अर्पिता, दृष्टि, दिव्यांशी, राशि, जानवी ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया इस प्रकार 67 वी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों ने 9 गोलड17 सिल्वर का 4 ब्रांच मेडल प्राप्त ब्यावर जिले का नाम रोशन किया विद्यालय परिवार द्वारा इन सभी विद्यार्थियों का माला पहनकर वह मुंह मीठा करवा कर स्वागत किया गया इस मौके पर शाला निदेशक श्री दौलत राज तातेड ने सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया कहा कि अपने जीवन में निरंतर इसी प्रकार सफलता प्राप्त कर अपने माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन करें ।

इस मौके पर शाला सह निदेशक श्री सुयश तातेड ने कहा की विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद पर विशेष की ध्यान दिया जाता है इसके लिए विद्यालय में विभिन्न खेलों के लिए अलग-अलग कोच नियुक्त किए गए हैं, खेलों से विद्यार्थियों में शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है उक्त अवसर पर गिरीश महर्षि, भारत पालरिया, कपिल पवार, प्रवीण सिंह, सीमा कंवर एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा ।

# मोबाईल वितरण शिविर में अव्यवस्था, 15 दिनों से मोबाईल के लिये छात्राएं लगा रही चक्कर

लक्ष्मणगढ़। नगर पालिका के मौजपुर में चल रहे राजीव गांधी मोबाईल वितरण में शिविर में खासी धांधली हो रही है। जिससे मोबाईल लेने के लिये पहुच रही महिलाओं व छात्राओं को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार मोबाईल वितरण शिविर में प्रोग्रामर की लापरवाही के चलते अव्यवस्थाओं का आलम बना हुआ है। मोबाईल पाने के लिये महिलाएं अपना घरेलू व कृषि तथा छात्राएं अपनी पढ़ाई छोड़कर अल सुबह ही शिविर में मोबाईल पाने के लिये पहुच जाती है। लेकिन पूरे दिन भूखे प्यासे लाइन में लगने के बाद अधिकांश महिलाओं व छात्राओं को मोबाईल नही मिल पा रहे है। पूरे दिन शिविर में 100-120 मोबाईल ही वितरित किये जा रहे है। शिविर में आये लोग मोबाईल वितरण में भी भेदभाव करने के आरोप लगा रहे है। शिविर में आई छात्रा साक्षी मीना, आँचल सैनी, गरिमा बाई, मीनाक्षी सैनी, सोनिया सहित अन्य कई छात्राओं ने बताया कि उनका 12 सितंबर का टोकन बना हुआ था। लेकिन 15 दिन बीत जाने के बाद भी उन्हें मोबाईल नही मिला। ऐसे में छात्राएं अपनी पढ़ाई छोड़कर शिविर में मोबाईल लेने के लिये बार बार चक्कर काटने को मजबूर है। वही मीडिया कर्मियों ने शिविर में चल रही धांधली की शिकायत एसडीएम सुभाष यादव से की। वही एसडीएम के निर्देशन पर तहसीलदार मौके पर पहुचे और जहां लोगों ने तहसीलदार को शिविर में अव्यवस्थाओं व धांधली के बारे में शिकायत की। जिस पर तहसीलदार ने प्रोग्रामर को मौके पर बुलाया। इस दौरान प्रोग्रामर के शिविर स्थल से बाहर बैठ कर टोकन नही बंनाने के लिये पावंद किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# हरसाना ग्राम पंचायत में मनरेगा कार्य में धांधली के मामले में लोकपाल ने लिये बयान

सितारा न्यूज नेटवर्क

**लक्ष्मणगढ़**। पंचायत समिति की ग्राम पंचायत हरसाना में मृतक, राजकीय कर्मचारी व सीनियर सिटीजन के नाम से फर्जी तरीके से मस्टरोल में जोड़कर उनसे मनरेगा में श्रम दिखाकर सरकार को चुना लगाने के मामले की जांच करने पहुचें लोकपाल ने पीड़ित ग्रामीणों के बयान लिये।

जानकारी के अनुसार हरसाना गांव ग्रामीणों ने गत दिनों जिला कलेक्टर से शिकायत कर बताया कि ग्राम पंचायत सरपंच व अन्य कार्मिकों से मिलीभगत मनरेगा योजना में मृत व्यक्तियों, सीनियर सिटीजन, राजकीय सेवा व सविंदा पर कार्यरत व्यक्तियों तथा गांव छोड़कर जा चुके व्यक्तियों के नाम मनरेगा मे जोड़कर उनसे मनरेगा रिकॉर्ड में श्रम करवाकर उनका भुगतान किसी अन्य खातों में कर सरकार को चुना लगाया है। शिकायत में बताया कि ऐसे व्यक्तियों के नाम भी जोड़ कर भुगतान उठाया है जो चलने फिरने में भी सक्षम नही है। तथा एक ही परिवार के 6-6 सदस्यों का नाम मस्टरोल में चलाया और सभी का भुगतान एक ही खाते में डालने का आरोप लगाकर जांच की मांग की थी। वही जिला कलेक्टर पुखराज सैन ने जिला परिषद सीओ को मामले की जांच के आदेश दिये। जिस जिला परिषद अलवर से लोकपाल हरसाना गांव पहुचे और पीड़ित पक्षों व ग्रामीणों के बयान लिये। वहीं इस दौरान मौजूद ग्रामीणों ने दोषी सरपँच अन्य कार्मिकों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

# खलकाई माता के मेले में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब







सितारा न्यूज नेटवर्क

**रामगढ़ पचवारा।(वरुण कामदार)** । के डोब लाहड़ीकाबास में स्थित मीणा समाज के डोबवाल गौत्र की कुलदेवी खलकाई माता का बुधवार को विशाल मेला एवं भंडारे का आयोजन सम्पन्न हुआ प्रतिवर्ष की भांति विशाल मेला एवं भंडारे का आयोजन होता आ रहा है हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया मेले के समापन समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा नेता रामबिलास डूंगरपुर एवं भामाशाह प्रहलाद मीणा ने शिरकत कर श्रद्धालुओं को संबोधित किया

मेले में बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुषों ने पैदल यात्राओं में शामिल होकर नाचते गाते माता के जयकारे लगाते हुए दरबार पहुंचकर मन्नतें मांगी आस पास के गांव शाहजहांनपुरा ढोलावास रामपुरा पालुंदा पीपली पातलवास डूंगरपुर खेमपुरी भयपुर चांदपुर कोलीवाड़ा लाहड़ीकाबास डोब राहुवास कुंतलावास अलीपुरा रामसिंहपुरा भांवता बैजवाड़ी सहित दूर दराज के बौलपुरा कोटखावदा जगदीशपुरा खेड़ा रामचंद्रपुरा बीछा हमीरपुरा राणोली गोल कुटक्या खटूम्बर रणवा भोगवतपुरा महाराजपुरा राजपुरा सहित महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले उत्तरप्रदेश के मेरठ मध्यप्रदेश के उज्जैन आदि क्षेत्रों से श्रद्धालुओं ने भाग लिया इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में विष्णु मीणा एंड पार्टी मूलीराम भयपुर रामराज अलूदा बत्तीलाल शाहजहांनपुरा राजू कोलीवाड़ा आदि गायक मंडली ने धार्मिक एवं राजनीतिक प्रस्तुति दी गई मेले में राहुवास थाना अधिकारी सुभाष शर्मा सहित महिला कान्स्टेबल के साथ पुलिस जाब्ता तैनात रहा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पंक्तियां में बैठकर प्रसादी ग्रहण की कार्यक्रम में रामगढ़ पचवारा प्रधान पति डां मोहन लाल मीणा श्रीनारायण मीणा जिला परिषद सदस्य हरसहाय पालुन्दा सरपंच प्रतिनिधि डूंगरपुर सरपंच दीनदयाल मीणा रामजिलाल कोलीवाड़ा रामनिवास रामनाथ भाजपा मीडिया प्रभारी मोतीलाल शाहजहांनपुरा पिन्टु कुमार मीणा मालू सिंह रामनिवास डोब पूर्व सरपंच आदि मौजूद रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

### भैरुजी मंदिर भेरुजी का तीन दिवसीय आयोजन

सितारा न्यूज नेटवर्क



**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** प्रकाश चित्र सिनेमा के पीछे बने कोडमदेसर भैरुजी मंदिर भेरुजी का तीन दिवसीय आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम दिन बुधवार को कोडमदेसर भेरुजी का अभिषेक किया गया। संरक्षक अशोक गहलोत ने बताया कि अभिषेक दोपहर 3:00 बजे शुरू हुआ। शाम को आरती हुई। गहलोत परिवार की ओर से होने वाले इस कार्यक्रम में भगत सिंह गहलोत ने बताया कि गुरुवार को महा आरती का आयोजन किया जाएगा इसी प्रकार कार्यक्रमों के अंतिम दिन शुक्रवार को एक विशाल जागरण का आयोजन भी किया जाएगा। जागरण में बीकानेर और बाहर से सुप्रसिद्ध कलाकार अपने भेरुजी के भजनों की प्रस्तुति देंगे।जागरण की संपूर्ण व्यवस्था पवन राजा, लाली, अर्जुन, अमित व गहलोत परिवार के सभी सदस्यों द्वारा की जाएगी। कोडमदेसर भैरुजी मंदिर में होने वाले इस कार्यक्रम में अनेक भक्तों का आना होता है भादवे की अंत में होने वाले इस आयोजन के पश्चात भाद्र पक्ष आरंभ हो जाएगा इन कार्यक्रमों के तहत मंदिर व आसपास के सभी जगह को रंग बिरंगी रोशनी से बहुत सी सुंदर जगमगाहट की गई

### नारायण पब्लिक स्कूल के दिपेश गुप्ता ने जीता पदक



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** अजमेर रोड स्थित डिकेथलॉन में आयोजित तीसरी स्पीड स्केटिंग चैंपियनशिप में नारायण पब्लिक स्कूल के खिलाड़ी दिपेश गुप्ता ने हिस्सा लिया और अंडर 8 वर्ग आयु में सिल्वर पदक प्राप्त किया। सिल्वर पदक प्राप्त कर कार्तिक ने अपने गुरुजन ,माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन किया। पदक जीतने पर स्कूल द्वारा कार्तिक को सम्मानित किया गया।

### महेश व्यास ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ सहित केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी एवं संसदीय मंत्री से प्रहलाद जोशी से की मुलाकात

सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** बीकानेर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय भाजपा नेता महेश व्यास ने बीछवाला औद्योगिक क्षेत्र स्थित क्षेत्रीय मूंगफली अनुसंधान केंद्र तथा केंद्रीय शुष्क बागवानी संस्थानके प्रशिक्षु गृह लोकार्पण समारोह के दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ से मुलाकात कर उनका स्वागत



किया एवं उन्हें बीकानेर की सांस्कृतिक पृष्ठभूमी के बारे में अवगत कराया, इस दौरान केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल भी साथ रहे। उल्लेखनीय है कि व्यास ने पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से अपने सैकड़ों सर्मथकों के साथ उपराष्ट्रपति के लोकापर्ण समारोह में भागीदारी निभाई। इस दौरान व्यास ने केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी से भी मुलाकात कर उनका स्वागत किया।

**महेश व्यास ने प्रदेश प्रभारी प्रहलाद जोशी के समक्ष बीकानेर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के लिए जताई अपनी मजबूत दावेदारी:** भाजपा नेता महेश व्यास ने बुधवार दोपहर लालगढ़ स्थित एक होटल में अपने समर्थकों के साथ संसदीय मामलात मंत्री तथा प्रदेश प्रभारी प्रहलाद जोशी से मुलाकात कर उनका स्वागत किया तथा बीकानेर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की ओर से अपनी मजबूत दावेदारी प्रस्तुत की। इस दौरान व्यास ने जोशी को बताया कि वें राष्ट्रीय विचारधारा के सशक्त पैरोकार है तथा उनके पिताजी स्मृतिशेष जगन्नाथ व्यास उर्फ पुरिया महाराज स्वतंत्रता सेनानी, अस्पृश्यता आंदोलन के अगणी नेता समाज सेवी तथा प्रमुख सामाजिक चिंतक रहे है साथ ही उनका परिवार पुष्करणा समाज में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है। व्यास ने यह भी बताया कि कर्मचारी नेता के तौर पर उन्होनें अधिकारी वर्ग, लिपिकीय वर्ग सहित मजदूर वर्ग के अधिकारों की लडाई लड़ कर उनके संघर्ष को मुकाम तक पहूंचाया है यही कारण है कि 36 कौम का सहयोग उनके साथ है। मुख्य रूप से मुस्लिम वर्ग से जुड़ाव होने के नाते कांग्रेस का परंपरागत वोट भी उनके पक्ष में रहने की पूरी संभावना है।

### ग्राम पंचायत बस्सी नागां निवासी बाबुलाल कुमावत को किया सम्मानित

#### स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुरस्कार से हुए सम्मानित

सितारा न्यूज नेटवर्क



**मोना कुमावत/अणतपुरा।** शक्ति फिल्म प्रोडक्शन एवं शक्ति हेल्पिंग हेंड जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में भारत के प्रीतिष्ठित पुरस्कार स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुरस्कार - 2023 समारोह का वर्चुअल ऑनलाइन आयोजन किया गया बाबूलाल कुमावत पुत्र भैरु राम कुमावत को शिक्षा नवाचार एवं स्किल डवलपमेंट के कार्यों से समाज में अहम योगदान देने के लिए यह पुरस्कार दिया गया है। कुमावत को समाज सेवा के उत्कृष्ट कार्यों के लिए दर्जनों पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। अभी हाल ही में वे जयपुर रत्न सम्मान -2023 से भी नवाजे गए हैं। कुमावत ने इस सम्मान प्राप्त होने पर अंबालिका शास्त्री व रिंकू सिंह गुर्जर का आभार प्रकट किया है।

ग्रामीणों ने विधायक अवाना का जताया आभार

# अवाना ने 68 किलोमीटर लंबी 16 सड़कों का किया शिलान्यास, बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

सितारा न्यूज नेटवर्क






**करीब 58 करोड रुपए होंगे खर्च**

**नदबई।** देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष व नदबई विधायक जोगिंदर सिंह अवाना विधानसभा क्षेत्र की क्षेत्र की 68 किमी लम्बी और लगभग 58 करोड़ रुपए से बन कर तैयार होने वाली 16 सड़को का शिलान्यास डहरा नदबई मार्ग पर स्थित चोर पीपरी चौराहा पर किया है विधायक अवाना के मुख्य अथित्य में हुआ जिसमें विधायक ने नदबई - पिपररु- बरौलीरान सड़क, नदबई से सेवर वाया ततामड-मुढ़ोता सड़क, नदबई - हलेना सड़क चौडाईकरण , नदबई - डहरा फॉरलेन सड़क , चितौकरी स्कूल से नगला धर्म सिंह तक, तेहरालोधा से नगला पैमा तक, गादौली से ककरारा तक, कबई सड़क से नगला धुनई तक, केसरा से नगला भोगी सैनी,तलछेरा से तलछेरा स्टेशन तक, केसरा से चेनपुरा तक , तलछेरा से उटारदा तक, करीली से पीली मंदीर , नयावास बस स्टेड से इंदिरा कॉलोनी सड़क, झौरोल से गाजीपुर तक और खेरीदेवी सिंह से गुदावली तक सड़कों के शिलान्यास पट्टिकाओं के विमोचन कर शिलान्यास किया उससे पूर्व बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीणों ने विधायक को 51 किलो की माला साफा और चांदी का मुकुट पहना कर स्वागत किया शिलान्यास समारोह में इन 16 सड़को से जुड़े कई दर्जनों गाँवों के हजारों लोगों ने समारोह में भाग लिया सभी ने विधायक अवाना का आभार प्रकट किया क्योंकि जिन सड़को का विधायक ने शिलान्यास किया है उनमे से अधिकतर सड़के ऐसी है जो पहली बार बनने जा रही है विधायक ने समारोह में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा की आज जिन सड़को का शिलान्यास किया है इससे क्षेत्र में सड़को का जाल विछ गया है पूरे क्षेत्र मे सड़को को लेकर काफी विकास कार्य हुए है हर वह सड़क बनी है जो पिछले 40-50 साल से नही बनी थी और मैने हर गाँव को पक्की सड़क से जोड़ने का काम किया है पहले नदबई के चारों तरफ जर्जर अवस्था में सड़के थी मेरे विधायक बनते ही आप लोगों ने मुझे सड़को की समस्या को लेकर अवगत कराया मैने मुख्यमंत्री महोदय से मिलकर क्षेत्र की स्थित के बारे में अवगत कराया मुख्यमंत्री महोदय की विशेष कृपा मेरे उपर बनी हुई है उनसे नदबई के विकास के लिए जो भी मांगा है उन्होंने उससे कई ज्यादा देने का काम किया है सड़को की बात करे तो पूरी विधानसभा के लिए लगभग 1100 करोड़ की सड़के मिली है वही विधायक ने समारोह में मौजूद संबंध विभाग के अधिकारी और ठेकेदारों को सक्त निर्देश दिये की वह गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे और समय पर कार्य पुरा कराने का काम करे इस मौके पर नदबई ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरस्वरूप शर्मा, रमेश थानेदार, प. स. स. अशोक बंजारा, भूपेंद्र फौजदार, लक्ष्मण सिंह, दरवारी सरपंच, रघुवीर सरपंच, सरपंच परसादी लाल जाटव, डॉ. हेमू, नरेंद्र, रंधीर खटौटी सहित स्थानीय क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## विश्व हृदय दिवस 29 को: निकलेगी वाकिंग मैराथन 'दिल की सुरक्षा के लिए दौड़'

सितारा न्यूज नेटवर्क







**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** विश्व हृदय दिवस पर शुक्रवार को सुबह सात बजे सादुलगंज स्थित आयुष्मान हार्ट केयर सेंटर की ओर से वॉकिंग मैराथन का आयोजन किया जाएगा। वॉकिंग मैराथन की तैयारियों को बुधवार को अंतिम रूप दिया गया। विभिन्न सहयोगियों को आम लोगों में हृदय रोग व उसके उपचार के संबंध में जागृत करने के लिए जिम्मा सौंपा गया। आयुष्मान हार्ट केयर सेंटर के चेयरमैन एवं कार्डियोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.बी.एल.स्वामी ने बताया कि सभी का दिल मानव के लिए चौबीस घंटें दौड़ता है, दिल की सुरक्षा, दिल की बीमारियों के प्रति आम लोगों में चेतना जागृत करने के लिए वॉकिंग मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। वॉकिंग मैराथन के दौरान बैनर, पर्दे व नारों के माध्यम से अपने दिल के बारे में अधिकाधिक जाने, इसको सुरक्षित रखने के लिए व्यायाम व भ्रमण करने आदि संदेश दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आयुष्मान हार्ट केयर सेंटर के बाहर बैनर, टैंट लगवाया गया है तथा सेल्फी पोईंट स्थापित किया गया है। आपका दिल दिन रात आपके लिए दौड़ता है, आज आप अपने दिल के लिए दौड़ें भारत को हृदय रोग मुक्त बनाएं, यूज हार्ट टू बीट हार्ट, वॉकिंग टूगैदर फॉर स्ट्रोंगर हार्ट, हृदय को मजबूत करने लिए दौड़ें सहित अनेक स्लोग्न के बैनर लगाएं गए हैं। प्रदर्शित बैनरों को दौड़ से दो दिन पूर्व ही आमजन अस्पताल के आगे ठहर कर पढ़ रहे है वहीं कई लोग स्लोग्नों को अपने कैमरे में कैद कर रहे है। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.स्वामी ने बताया कि बीकानेर में हृदय रोग, उसके उपचार के लिए पहली बार इस तरह की वॉकिंग मैराथन के प्रति आम जन में उत्साह देखने को मिल रहा है। हृदय रोग के उपचार से ठीक हुए हृदय रोगी व उनके परिजनों, अनेक सामाजिक एवं स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने वॉकिंग मैराथन को अनुकरणीय बताते हुए भागीदारी का संकल्प दोहरा रहे हैं। वॉकिंग मैराथन में विन्सम इंटरनेशनल स्कूल एवं एच.डी.स्वामी क्लासेज सहित विभिन्न सामाजिक, मेडिकल व स्वयं सेवी संस्थाओं के सहयोग रहेगा।

डॉ.स्वामी ने बताया कि आयुष्मान हार्ट केयर सेंटर से कलेक्ट्रेट तक निकलने वाली वॉकिंग मैराथन को पुलिस महानिरीक्षक ओम प्रकाश पासवान, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अबरार पंवार, सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.गुंजन सोनी, पी.बी.एम. के अधीक्षक डॉ.पी.के.सैनी, सरदार पटेल मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ.बी.के.गुप्ता, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.धनपत कोचर, डॉ. देवेन्द्र अग्रवाल, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.लोकेश गुप्ता, नगर विकास न्यास के पूर्व अध्यक्ष महावीर रांका, सेवानिवृत आई.पी.एस.मदन गोपाल मेघवाल, श्री डूंगर कॉलेज के उप प्राचार्य डॉ.नरेन्द्र नाथ, डॉ.गौरव गोम्बर अध्यक्ष उपचार, व्यापार मंडल के अध्यक्ष डी.पी.पच्चीसिया, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष विवेक शर्मा, आर.एस.वी.स्कूल ग्रुप के चेयरमैन सुभाष स्वामी, सादुल गंज के पार्षद मनोज बिश्नोई, पर्यावरण विद् प्रोफेसर श्याम सुन्दर ज्याणी, लोटस समूह के चेयरमैन अशोक मोदी, पूर्व महापौर हाजी मकसूद अहमद, अखिल भारतीय साधुमार्गी जैन संघ के सेवा निष्ठ श्रावक सुशील बैद, सी.ओ.सदर शालिनी बजाज व सी.ओ.सिटी हिमांशु शर्मा को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। अतिथि हरी झंडी दिखाकर वॉकिंग मैराथन को रवाना करेंगे। वॉकिंग मैराथन सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज सर्किल, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सर्किल, मेजर पूर्ण सिंह सर्किल, रविन्द्र रंगमंच, पब्लिक पार्क होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर संपन्न होंगी।

## कॉफी विद कलेक्टर एंड एसपी: सीएलसी






सितारा न्यूज नेटवर्क

**सीकर।** महिला अधिकारीता विभाग सीकर की ओर से सीएलसी परिसर में बालिकाओं के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें छात्राओं से विशेष संवाद किया गया। महिला अधिकारिता विभाग सीकर की सहायक निदेशक अनुराधा सक्सैना ने जानकारी देते हुए यह बताया कि सीकर जिला कलेक्टर श्री सौरभ स्वामी पुलिस अधीक्षक श्री परिस देशमुख तथा डायरेक्टर स्टैटिसटिक्स इंदिरा शर्मा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस विशेष कार्यक्रम की थीम थी कॉफी विद कलेक्टर एंड स्ट्रेस मैनेजमेंट विद एसपी। कॉफी की चुस्कियों के साथ सीकर जिला कलेक्टर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कभी भी जीवन में तनाव में आकर घबराना नहीं है क्योंकि कोई भी चिंता जीवन से बड़ी नहीं होती है। सौरभ स्वामी ने आगे कहा कि सफलता की वास्तविक परिभाषा यही है कि जो मेहनत की उसमें अगर आपने अपना 100% दिया है तो आप सफल है। छात्राओं को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि माना की दुनिया आसान नहीं है लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि आप कमजोर हैं और साथ ही कहा कि स्ट्रेस होना स्वाभाविक है यह कोई कमजोरी नहीं है इसलिए स्ट्रेस को मैनेज कैसे करना है यह ज्यादा जरूरी है।जिला कलेक्टर ने बताया कि एक समस्या का समाधान होने का मतलब यह नहीं की सब कुछ प्राप्त कर लिया और एक काम में असफल होने का यह मतलब नहीं कि आप हमेशा असफल होंगे इसलिए खुद को खुद से ही जीतना होगा क्योंकि खुद की लड़ाई खुद को लड़नी पड़ती है।

सीकर पुलिस अधीक्षक परिस देशमुख ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सबसे पहले अपना लक्ष्य निर्धारित करें और कोई एक इंसान आपकी प्रेरणा होनी चाहिए कि मेरे को इसके जैसा बनना है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शॉर्ट टर्म और मिड टर्म गोल कोई भी हो सकता है लेकिन आपका लॉन्ग टर्म गोल एक अच्छा इंसान बनना होना चाहिए और साथ ही कहा कि जीवन संभावनाओं से परिपूर्ण है, कोई एक सफलता आपके जीवन का निर्धारण नहीं कर सकती है इसलिए कभी भी असफल होने पर घबराना नहीं है बल्कि असफलता का विश्लेषण करना है की कमी कहां रही और उसको दूर करना है। देशमुख ने छात्राओं को सलाह देते हुए कहा कि आपको अपनी मेहनत पूरी करनी है और कभी किसी के साथ गलत नहीं करते हुए एक अच्छा इंसान बनना है क्योंकि एक अच्छा इंसान ही एक अच्छा अधिकारी बन सकता है। इस दौरान छात्राओं ने जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से काफी सारे सवाल किए और दोनों अधिकारियों ने उनके जवाब देते हुए छात्राओं की शंकाओं का समाधान किया। अच्छे व रोचक सवाल पूछने वाली छात्राओं को महिला अधिकारीता विभाग की तरफ से पुरस्कृत किया गया।

सीएलसी निदेशक इंजीनियर श्रवण चौधरी ने सभी अतिथियों का इस अद्वितीय आयोजन के माध्यम से छात्राओं को मोटिवेट करने के लिए आभार जताते हुए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में उपस्थित जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक तथा अन्य मुख्य अतिथियों ने सीएलसी की व्यवस्था, प्रबंधन, अनुशासन और स्ट्रेस मैनेजमेंट की दिशा में सकारात्मक कदम की प्रशंसा की।

जेसीबी से विधायक पर कार्यकताओं ने बरसाए फुल

## खाटूश्यामजी में विधायक ने करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया

सितारा न्यूज नेटवर्क







**दांतारामगढ़। (विनोद धायल)**विधायक वीरेंद्र सिंह ने बुधवार को खाटूश्याम जी में बने नवीन वेयर हाउस का लोकार्पण किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने विधायक वीरेंद्र सिंह का जगह-जगह स्वागत किया। समारोह स्थल पर कार्यकताओं ने जेसीबी से विरेंद्र सिंह पर फूल बरसाकर स्वागत किया। विधायक ने नगरपालिका क्षेत्र सीतारामपुरा में 3000 मैट्रिक टन क्षमता के वेयर हाउस का लोकार्पण किया है। इसके साथ ही 133/11 केवी बिजली ग्रिड का शिलान्यास व 9 करोड़ की लागत से क्षेत्र में बनी सड़कों का लोकार्पण वही 6 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़कों का शिलान्यास भी विधायक ने किया। मुख्य समारोह सीतारामपुरा में बने वेयर हाउस के परिसर में हुआ। सहकारी समिति अध्यक्ष श्याम सिंह पूनिया ने बताया कि विधायक वीरेंद्र सिंह ने दातारामगढ़ क्षेत्र में विकास की गंगा बहाई है। दांतारामगढ़ क्षेत्र में आज तक ऐसा विकास कभी नहीं हुआ है। इस मौके पर खाटू श्याम जी नगर पालिका अध्यक्ष ममता मुंडोतिया सरपंच श्योजीराम बुरड़क रामदेव सिंह खोखर जयंत निठारवाल श्याम पूनिया मुकेश गढ़वाल सरपंच छितर मल लोरा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश वर्मा, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष कजोड़ मल रेगर, कांग्रेस नेता राजकुमार परसवाल, खाचरियावास सहकारी समिति अध्यक्ष लाल चन्द बुरड़क, महिपाल सिंह लामिया एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पैंथर के हमले से घायल व्यक्ति से मिले पूर्व मंत्री डॉ.रोहिताश शर्मा

सितारा न्यूज नेटवर्क



**नारायणपुर (बिन्टू कुमार)।** पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ.रोहिताश शर्मा बुधवार को बानसूर विधानसभा के एक दिवसीय दौरे पर रहे। इस दौरान ग्राम रामपुर में गत दिनों गिरदारी लाल सैनी पर पैंथर द्वारा किए गए हमले में घायल व्यक्ति से पूर्व मंत्री डॉ.रोहिताश शर्मा मिले। पूर्व मंत्री ने घायल व्यक्ति से मिलकर उनका हालचाल जाना। उन्होंने पैंथर के हमले से घायल गिरदारी लाल सैनी को 11 हजार रुपए का आर्थिक सहयोग प्रदान किया और उन्होंने सरकार से जल्द पीड़ित परिवार को सहायता दिलवाने के लिए आश्वस्त किया। पूर्व मंत्री ने उधोग मंत्री शकुंतला रावत पर निशाना साधते हुए कहा कि बढे शर्म की बात है कि पैंथर के हमले में घायल व्यक्ति के 15 दिन बीत जाने के बाद आज तक विधायक द्वारा उनका हाल तक नही जाना। जिससे ग्रामीणों में रोष बना हुआ हैं। वही ग्राम कराणा में भी व्यापारी और ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री डॉ.रोहिताश शर्मा का साफा और माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान पूर्व मंत्री ने कार्यकर्ता व ग्रामीणों की बैठक ली व उनको संबोधित किया और कहा कि 2 महीने बाद विधानसभा चुनाव हैं। आने वाले चुनाव में कृषक व्यक्ति को ही वोट ताकि क्षेत्र का विकास हो सके। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# जहां 575 डिग्री तक गर्मी, एसिड की होती है बारिश, ऐसे ग्रह के रहस्य होंगे उजागर


## इसरो ने शुक्र को जानने और शोध करने की तैयारी की, अब भेजेगा शुक्रयान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अंतरिक्ष के रहस्यों को जानने के लिए स्पेस रेस में भारत अब तेज गति से आगे बढ़ रहा है। चांद, मंगल और सूरज के अध्ययन के लिए सफल मिशन के बाद अब इसरो ने शुक्र ग्रह के रहस्यों को भेदने की तैयारी कर ली है। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ पहले ही इसकी घोषणा कर चुके हैं। चंद्रयान-3 की सफलता के बाद दुनिया भर में भारत की स्पेस एजेंसी इसरो का डंका बजा क्योंकि भारत ने चांद के दक्षिणी हिस्से पर सॉफ्ट लैंडिंग करके इतिहास बना दिया। इसरो यहीं नहीं रुका, सूरज की जानकारी हासिल करने के लिए हाल ही में भारत ने आदित्य एल 1 मिशन लॉन्च किया। अब इसरो के अध्यक्ष एस. ने ऐलान किया है कि भारत अपना अगला मिशन शुक्र ग्रह के लिए भेजेगा, जिसके लिए पेलोड्स तैयार कर लिए गए हैं। साल 2029-30 में भारत वीनस पर मिशन लॉन्च करेगा। नेहरू तारामंडल की एक्सपर्ट प्रेरणा चंद्रा ने बताया कि चंद्रयान मिशन के बाद कई ऐसे मिशन थे जो आने वाले समय में लाइनअप थे, जिसमें से शुक्रयान, आदित्य एल 1, गगनयान और नासा की तरह स्पेस स्टेशन बनाने की सोच है। इसरो चीफ ने भी इस मिशन की पुष्टि कर दी है। उन्होंने आगे कहा, शुक्र को ट्विन ऑफ अर्थ भी कहा जाता है मतलब पृथ्वी का जुड़वा। यह गैस प्लैनेट है और एसिड की बारिश भी होती है। यही वजह है इसके वातावरण को समझने की कोशिश हमेशा से रही है। शुक्रयान एक ऑर्बिटर मिशन रहेगा, जिससे उसके चक्कर लगाकर बाहरी सतह को समझकर भविष्य में लैंडर और रोवर भेजा जा सके। इसरो चीफ एस सोमनाथ ने शुक्र के बारे में बताते हुए कहा कि पृथ्वी की तरह शुक्र का वायुमंडल भी है और इसका वातावरण बहुत घना है। उन्होंने कहा, शुक्र का एटमॉस्फेयरिक प्रेशर पृथ्वी से 100 गुना है और यह एसिड से भरा है। आप इसकी सतह में प्रवेश नहीं कर सकते। आप नहीं जानते कि इसकी सतह क्या है? कठिन है या नहीं। इसी बात को आगे बढ़ाते हुए नेहरू तारामंडल के एक्सपर्ट बालाचंद्रन ने बताया कि शुक्र पर गर्मी बहुत ज्यादा है और यहां का तापमान 575 डिग्री तक जाता है।

**खास बातें**
- 2029-30 में भारत वीनस पर मिशन लॉन्च करेगा
- शुक्र को ट्विन ऑफ अर्थ भी कहा जाता है
- इसरो के वैज्ञानिक कर रहे हैं मिशन की तैयारी

> एस सोमनाथ ने ये भी कहा कि भारत में रॉकेट के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले लगभग 95 प्रतिशत कलपुर्जे घरेलू स्त्रोत से बनाए गए हैं। रॉकेट और सैटेलाइट का विकास सहित सभी तकनीकी कार्य अपने देश में ही किए जाते हैं।



### क्या करेगा शुक्रयान

उन्होंने कहा, शुक्र रहस्यों से भरा ग्रह है। इसे समझना कठिन है। यहां दबाव बहुत ज्यादा है। वहां लैंड करना बहुत मुश्किल है। एक मिशन वहां पर लैंड कराया गया था, लेकिन थोड़ी देर बाद ही वह पिघल गया था। वहां पर अगर बारिश होती है, तो सल्फ्यूरिक एसिड की बारिश होती है। ग्रह पर जो सोलर विंड आता है शुक्रयान उसे स्टडी करेगा। उसका वीनस पर क्या इफेक्ट होता है ये भी पता चलेगा।

### पृथ्वी कभी ऐसी नहीं थी जैसी आज है

जानकारी के मुताबिक एस सोमनाथ ने शुक्र के बारे में कहा, हम शुक्र को इसलिए समझने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि पृथ्वी पर भी हालात एक दिन शुक्र जैसे हो सकते हैं। हो सकता है कि 10,000 साल बाद हम अपने ग्रह पर अपनी विशेषताओं को बदल दें। पृथ्वी कभी ऐसी नहीं थी जैसी आज है। यह बहुत समय पहले रहने लायक बिल्कुल नहीं थी। लेकिन धीरे-धीरे हालात बदले और आज यहां जीवन ही जीवन है। आकार और घनत्व में पृथ्वी के समान होने की वजह से शुक्र को हमारी धरती का जुड़वा भी कहा जाता है।

## खबर संक्षेप

### नौशेरा सेक्टर में विस्फोट, जवान घायल



**जम्मू।** जम्मू संभाग के जिला राजोरी के नौशेरा सेक्टर में भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा के पास एक विस्फोट हुआ है। बताया जा रहा है कि इलाके में सेना के जवान गश्त पर थे। इस दौरान एक जवान का पैर गलती से बारूदी सुरंग पर पड़ गया, जिसके बाद धमाका हो गया। हादसे में जवान गंभीर रूप से घायल हुआ है। उधर, बुधवार सुबह कश्मीर घाटी के अनंतनाग जिले के लारकीपोरा में एक गाड़ी में धमाका हुआ। इससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हादसे में आठ श्रमिक घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अनंतनाग ले गए।

### पाकिस्तान में ब्लास्ट परिवार के 8 लोग मृत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में एक घर में रॉकेट लॉन्चर का गोला फटने से एक ही परिवार के चार बच्चों सहित कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक बच्चे गोला-बारूद के साथ खेल रहे थे। कशमोर-कंधकोट के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) रोहिल खोसा ने कहा कि बच्चों को जमीन पर खेलते समय एक रॉकेट शेल मिला और वे उसे घर ले आए जहां यह ब्लास्ट हो गया। इस हादसे में एक ही परिवार के चार बच्चों, दो महिलाओं और एक पुरुष सहित आठ लोगों की मौत हो गई। हादसे की जांच चल रही है।

### नेपाल में तीन तलाक की मान्यता रद्द



**काठमांडू।** नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने तीन तलाक की मान्यता को रद्द कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सम्बन्ध विच्छेद के लिए मुसलमानों को विशेषाधिकार नहीं है। जानकारी के अनुसार नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए कहा कि इस्लामिक समुदाय में तीन तलाक की प्रथा को मान्यता नहीं दी जा सकती है। अदालत ने अपने फैसले में कहा है कि नेपाल के मौजूदा कानूनों के अनुसार तलाक के अलावा अन्य प्रथागत और किसी सम्प्रदाय विशेष की व्यवस्थाओं को स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

### 10.7 करोड़ में हुई बिकी आइंस्टीन की पांडुलिपि



**नई दिल्ली।** विश्व विख्यात भौतिक वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन द्वारा हस्ताक्षरित एक पांडुलिपि की शंघाई में नीलामी हुई। जिसकी बोली 10.7 करोड़ रुपए लगाई गई थी। यह दुर्लभ हस्ताक्षरित पांडुलिपि विज्ञान में उनके प्रसिद्ध योगदान विशेष सापेक्षता के सिद्धांत (1905) और सामान्य सापेक्षता (1915) के विकास से जुड़ी है। नीलामी 23 सितंबर को वाल्डोर्फ एस्टोरिया शंघाई में किया गया था। पहली बार 3 फरवरी 1929 को जर्मन में लिखी गई यह पांडुलिपि न्यूयॉर्क टाइम्स में प्रकाशित हुई थी।

## खालिस्तानी नेटवर्क पर एनआईए का चला हथौड़ा

# सात राज्यों के 53 ठिकानों पर छापे, भारी मात्रा में हथियार व गोला-बारूद बरामद


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को 'सूचीबद्ध आतंकवादी' अर्श दल्ला और कई खूंखार गैंगस्टरों से जुड़े 53 स्थानों पर छापेमारी की। पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, यूपी, राजस्थान, उत्तराखंड और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में मारे गए छापों के दौरान पिस्तौल, गोला-बारूद, बड़ी संख्या में डिजिटल उपकरण और आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई। एनआईए का कहना है कि यह एक्शन आतंकवादियों-गैंगस्टरों-ड्रग तस्करों के गठजोड़ पर लिया गया है। सुबह शुरू हुई कार्रवाई के दौरान कुल 53 स्थानों पर छापे मारे गए. अर्श दल्ला के अलावा, इन छापों में एनआईए की जांच के दायरे में कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई, सुक्खा दुनेके, हैरी मौर, नरेंद्र उर्फ लाली, काला जठेरी, दीपक टीनू आदि शामिल हैं। अगस्त 2022 से पांच मामलों के पंजीकरण के बाद एनआईए द्वारा शुरू की गई इस तरह की कार्रवाई की सीरीज में ये सातवीं कार्रवाई थी, जिसमें जुलाई 2023 में संगठित आपराधिक गिरोहों के खिलाफ दर्ज किए गए दो नए मामले भी शामिल थे। ये मामले लक्षित हत्याओं की साजिशों, समर्थकों की आतंकी फंडिंग से संबंधित हैं। दावा किया गया कि खालिस्तानी संगठन, गैंगस्टरों जबरन वसूली में लिप्त हैं। इनमें से कई विभिन्न जेलों में बंद हैं या पाकिस्तान, कनाडा, मलेशिया, पुर्तगाल और ऑस्ट्रेलिया आदि देशों से रहकर काम कर रहे हैं।

> आतंक-गैंगस्टर-ड्रग तस्कर गठजोड़ को खत्म करने के उद्देश्य से की छापेमारी का फोकस विभिन्न कट्टर गिरोहों और उनके गुर्गों से जुड़े हथियार आपूर्तिकर्ताओं, फाइनेंसरों और रसद प्रदाताओं पर था। ये गिरोह अन्य देशों के ड्रग तस्करों और आतंकवादियों के साथ काम कर रहे हैं।

**खास बातें**
- आतंकवादियों-गैंगस्टरों-ड्रग तस्करों के गठजोड़ पर लिया बड़ा एक्शन
- कार्रवाई की सीरीज चला रही है एनआईए
- कई अपराधी विदेशों में बैठकर चला रहे है गिरोह

### विदेशों से भारत में चला रहे संगठन



एनआईए की जांच के अनुसार, कई अपराधी और गैंगस्टर जो पहले भारत में गिरोहों का नेतृत्व कर रहे थे, हाल के वर्षों में विदेश भाग गए हैं और अब वहां से अपनी आतंक और हिंसा संबंधी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। ये अपराधी भारत भर की जेलों में बंद अपराधियों के साथ मिलकर अनुबंध और बदला लेने के लिए हत्याओं सहित गंभीर अपराधों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने में लगे हुए हैं। ये समूह लक्षित हत्याएं कर रहे हैं और ड्रग्स और हथियारों की तस्करी, हवाला और जबरन वसूली के माध्यम से हमलों और अन्य नापाक गतिविधियों के लिए धन जुटा रहे हैं।

### डोभाल ने मांगे सबूत, जवाब नहीं दे पाया कनाडा



खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद भारत और कनाडा के बीच पनपे राजनयिक विवाद के बीच दोनों देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों अजीत डोभाल और जोडी थॉमस ने टेलिफोनिक वार्ता की। खबरों के मुताबिक कुछ दिन पहले हुई इस बातचीत में डोभाल ने थॉमस के समक्ष खालिस्तानी अलगाववादियों, चरमपंथियों और आतंकवादियों को कनाडा में सुरक्षित पनाह मिलने का मुद्दा उठाया। उन्होंने अपनी कनाडाई समकक्ष को कनाडा में शरण लिए भारत के मोस्ट वांटेड आतंकवादियों के बारे में बताया और उनकी सूची भी सौंपी। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने वांछित अपराधियों की जानकारी और लोकेशन भी जोडी थॉमस के साथ शेयर किए. कनाडा की राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने अपने भारतीय समकक्ष अजीत डोभाल से हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत की संलिप्तता के आरोपों को दोहराया। डोभाल ने जोडी से कनाडा के आरोपों के पक्ष में सबूत मांगे, लेकिन कनाडाई एनएसए सबूत नहीं उपलब्ध करवा सकीं।

### दूतावासों पर हमलों पर जताई गहरी चिंता

भारत और कनाडा के रिश्तों में चल रही तल्खी के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कनाडा में अलगाववादी ताकतों, हिंसा और उग्रवाद से जुड़े अपराधों के बारे में बात की। साथ ही उन्होंने भारतीय राजनयिकों को धमकियों और भारतीय वाणिज्य दूतावासों पर हमलों पर भी चिंता जताई।न्यूयॉर्क में 'काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस' में एस जयशंकर में बोलत हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में, कनाडा ने वास्तव में अलगाववादी ताकतों, संगठित अपराध, हिंसा और उग्रवाद से संबंधित बहुत सारे संगठित अपराध देखे हैं। आगे बोले कि भारत सरकार ने कनाडा सरकार को अपराध के बारे में बहुत सारी जानकारी प्रदान की हैं। आगे एस जयशंकर ने बताया कि कनाडा से संचालित होने वाले संगठित अपराध और नेतृत्व के बारे में वहां की सरकार को बहुत सारी जानकारी दी हैं। कुछ आतंकवादी नेता हैं, जिनकी पहचान कर ली गई है। आगे कनाडा में भारतीय दूतावास हमलों पर चिंता जताते हुए कहा कि हमारे राजनयिकों को धमकी दी गई है, हमारे वाणिज्य दूतावासों पर हमला किया गया ये बड़ा चिंता का विषय है।



## कनाडा को भारत से पंगा लेना पड़ा महंगा

# भारत ने मसूर दाल खरीदना कम किया तो कनाड़ा में मचा हड़कंप



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और कनाडा के बीच चल रही तकरार कम होती नजर नहीं आ रही है। भारत लगातार कनाडा पर शिकंजा कस रहा है। जिसके चलते अब भारत ने कनाडा से मसूर सहित अन्य दालों का आयात कम कर दिया है। भारत के इस रवैया ने कनाडा के व्यापारियों में हड़कंप मचा दी है।

उन्हे डर है कि कहीं मसूर सहित तमाम दालों पर भारत प्रतिबंध न लगा दे। यदि ऐसा होता है तो कनाडा को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। बड़े पैमाने पर मसूर दाल का आयात कनाडा से भारत करता है। रिपोर्ट के मुताबिक कारोबारियों को आशंका है कि दोनों देशों के बीच तनाव के चलते दोनों ही सरकारें ट्रेड पर बंदिशें लगा सकती हैं। ओलम एग्री इंडिया के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट नितिन गुप्ता ने कहा कि ऐसी आशंका कारोबारियों को सता रही है। हालांकि वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि भारत की ऐसी कोई योजना नहीं है और सरकार ने इंपोर्टरों को ऐसा कोई निर्देश नहीं दिया है। कनाडा भी अपनी ओर से ऐसा कोई निर्णय नहीं ले रहा जिससे दोनों ही देशों के रिश्ते और बिगड़े।

### कनाडा से घटी मसूर दाल की खरीदारी

मसूर दाल के प्रोडक्शन में कमी के बाद इस वर्ष 2023 में भारत ने बड़े पैमाने पर कनाडा से मसूर दाल का आयात किया है। कारोबारियों का कहना है कि अभी तक इंपोर्ट को रद्द करने का कोई उदाहरण सामने नहीं आया है। मसूल दाल के उत्पादन में कमी के बाद कीमतों में उछाल देखा जा रहा है। लेकिन कनाडा के प्रधानमंत्री के बयान के बाद कनाडा से सप्लाई की कीमतें 6 फीसदी की कमी के साथ 770 डॉलर प्रति मीट्रिक टन तक घट गया है। 2022-23 में कनाडा भारत को मसूर दाल सप्लाई करने वाले सबसे बड़ा देश था। 31 मार्च 2023 तक भारत ने 370 मिलियन डॉलर का 4.86 लाख मीट्रिक टन मसूर दाल का आयात कनाडा से किया था। जो कि भारत के कुल आयात का 50 फीसदी से ज्यादा था। इस वर्ष अप्रैल से जुलाई के बीच कनाडा से मसूल दाल के आयात में पिछले साल के मुकाबले 420 फीसदी का उछाल देखने को मिला है।

## रोज 111 गोलियां खाता है कारोबारी

# जवान दिखने के लिए सालाना खर्च करता है 33 करोड़ रुपए



एजेंसी ▶▶ कैलिफोर्निया

यूं तो हर कोई जवान दिखने के लिए न जाने क्या-क्या तरीके अपनाता है। पर इन दिनों एक बिजनेसमैन का डेली रूटीन वायरल है जो जवान देखने के लिए अपने ऊपर करोड़ों रुपए खर्च कर रहा है। कैलिफोर्निया के वेनिस शहर में 46 वर्षीय करोड़पति टेक बिजनेसमैन ब्रायन जॉनसन चुपचाप उस चीज पर काम कर रहे हैं जो उनका मानना है कि 'होमो सेपियन्स के इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण क्रांति हो सकती है। जॉनसन ने जवान दिखने के लिए अपने ऊपर तीन साल पहले से प्रयोग शुरू किए थे। इसके लिए वह मौत से बचने के लिए एक मिशन पर निकल पड़े। इसके लिए वह रोजाना 111 गोलियां खाते, सिर पर लाल रोशनी छोड़ने वाली एक विशेष टोपी पहनते, एक छोटे जेट पैक के साथ रात के समय इरेक्शन की निगरानी करते हैं।

### अनोखी दैनिक दिनचर्या

द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, ब्रायन जॉनसन का लक्ष्य है, 'मरना मत'। जॉनसन का कहना है कि उनका डेली रूटीन बहुत अलग है। वह सुबह 4:30 बजे उठते है, 11 बजे से पहले अपना सारा भोजन खा लेता है और बिना किसी देरी के रात 8:30 बजे अकेले बिस्तर पर सोने के लिए चले जाते हैं। इस बीच, वह पूरे दिन में 100 से ज्यादा गोलियां खाते हैं। ब्रायन जॉनसन के इस पागलपन में हर आदमी स्वीकार नहीं कर सकता है। कई जानकारों का तर्क है कि अमरता प्राप्त करने के लिए मानव शरीर को हैक नहीं किया जा सकता है। वहीं सोशल मीडिया पर जॉनसन के दावे पर कई लोग सवाल उठा रहे है लेकिन वह लोगों के इस दावे पर कुछ नहीं कहा। उन्होंने कहा कि कोई भी इच्छुक व्यक्ति उसके इस मिशन में शामिल हो सकता है।

### जॉनसन ने 4 मिलियन डॉलर से अधिक खर्च किए

टाइम मैगजनि की रिपोर्ट के अनुसार, जॉनसन सालाना 4 मिलियन डॉलर से अधिक ( भारतीय मुद्रा में 33 करोड़ 29 लाख और 50 हजार) खर्च करता है। डॉक्टरों की एक टीम जॉनसन के शरीर के हर डेटा का मॉनटिर करती है, जो उनकी 'जैविक आयु' को कम करने के लिए डिजाइन की गई एक सख्त स्वास्थ्य व्यवस्था को लागू करती थी। अपने शरीर के मैनेजमेंट को आउटसोर्स करना जॉनसन की रणनीति अपने 'दुष्ट दिमाग' को हराने की है। उनका कहना है कि हमारा दिमाग वह हिस्सा है जो भोग चाहता है, चाहे वह देर रात का नाश्ता हो।

## फोर्ब्स की '30 अंडर 30 सूची' में शामिल थीं

# अपार्टमेंट में मृत मिलीं, सिर पर कई चोट के निशान भी

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिका में 26 साल की एक टेक सीईओ सोमवार को एक अपार्टमेंट में मृत पाई गई हैं। उनके सिर पर चोट के निशान मिले हैं। बाल्टीमोर पुलिस विभाग (बीपीडी) ने बताया कि ईकोमैप टेक्नोलॉजीज कंपनी की सह संस्थापक पावा लापरे डाउनटाउन बाल्टीनोर अपार्टमेंट में मरी हुई मिलीं। इस मामले में एक 32 वर्षीय युवक पर शक है। पुलिस कमिश्नर रिचर्ड वॉर्ले ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि वह जेसन डीन बिलिंगस्ले की तलाश कर रहे हैं।

### खतरनाक अपराधी हो सकता है



रिचर्ड का कहना है कि जेसन खतरनाक अपराधी हो सकता है। उस पर फर्स्ट डिग्री हत्या, हमला, लापरवाही से खतरे में डालने और कई अन्य आरोप हैं। उसके पास हथियार भी हो सकता है। उन्होंने चेताते हुए कहा कि आरोपी नुकसान पहुंचाने के लिए कुछ भी कर सकता है। वह मार भी सकता है और दुष्कर्म भी कर सकता है।


## 375 साल बाद खोजा 8वां महाद्वीप

# मेडागास्कर से लगभग छह गुना बड़ा है खोजा गया जीलैंडिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लगभग 375 साल के बाद, भूवैज्ञानिकों ने एक ऐसे महाद्वीप की खोज की है जो पिछले कई साल से छिपा हुआ था। रिपोर्ट के मुताबिक, भूवैज्ञानिकों और भूकंप विज्ञानियों की एक छोटी टीम ने जीलैंडिया या ते रिउ-ए-माउई का एक नया नक्शा बनाया है। शोधकर्ताओं ने समुद्र तल से बरामद चट्टान के सैंपल से मिले आंकड़ों का इस्तेमाल इसमें किया है। जीलैंडिया 1.89 मिलियन वर्ग मील (4.9 मिलियन वर्ग किमी) का एक विशाल महाद्वीप है, यह मेडागास्कर से लगभग छह गुना बड़ा है।

### 94% पानी के अंदर है ये महाद्वीप



नया महाद्वीप 94 प्रतिशत पानी के अंदर है, जिसमें न्यूजीलैंड के जितने ही कुछ मुट्ठी भर द्वीप हैं. बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, न्यूजीलैंड क्राउन रिसर्च इंस्टीट्यूट जीएनएस साइंस के भूविज्ञानी एंडी टुलोच, जो जीलैंडिया की खोज करने वाली टीम का हिस्सा थे।

### मुश्किल था इसका अध्ययन करना

वैज्ञानिकों का कहना है कि जीलैंडिया का अध्ययन करना हमेशा से काफी मुश्किल रहा है। वैज्ञानिक अब समुद्र तल से लाए गए चट्टानों और तलछट के सैंपल का अध्ययन कर रहे हैं, जिनमें से ज्यादातर ड्रिलिंग वाली जगहों से आए हैं और दूसरे सैंपल क्षेत्र में द्वीपों के किनारों से आए हैं।

## चीन ने कहा हम शाश्वत पड़ोसी हैं हमें संदेह की नजर से न देखें

# गरजे जयशंकर तो गिड़गिड़ाकर दोस्ती की दुहाई देने लगा चीन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक दिन पहले संयुक्त राष्ट्र में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आतंकवाद पर चीन और पाकिस्तान पर जमकर हमला बोला था। जयशंकर ने कहा था कि लश्कर के आतंकी को जब ब्लैक लिस्ट करने की बारी आती है तो कुछ देश दंड मुक्ति की बाते करते हैं। उधर, चीन ने भारत और उसके संबंधों की दुहाई दी है। भारत में चीनी दूतावास के प्रभारी मा जिया ने कहा कि उनका देश दृढ़ता से चीन और भारत के संबंधों की सही दिशा पर कायम है और इस बात पर जोर दिया कि दोनों देशों को एक-दूसरे को कमजोर करने और संदेह करने में शामिल नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत और चीन तो शाश्वत पड़ोसी हैं। एक आधिकारिक प्रेस विज्ञं चीनी राजदूत मा जिया ने कहा, हमें उम्मीद है कि हम चीन-भारत संबंधों की सही दिशा पर दृढ़ता से कायम रहेंगे।

चीन और भारत शाश्वत पड़ोसी हैं जिन्हें एक-दूसरे के रणनीतिक इरादों को सटीक रूप से समझने की जरूरत है। हमे एक-दूसरे को कमजोर करने और संदेह करने के बजाय एक-दूसरे की सफलता में समर्थन और योगदान करने की जरूरत है।

**खास बातें**
- जब ब्लैक लिस्ट करने की बारी आती है तो कुछ देश दंड मुक्ति की बातें करते हैं
- चीनी राजदूत ने कहा, हमें उम्मीद है कि भारत संबंधों की सही दिशा पर दृढ़ता से कायम रहेगा



### द्विपक्षीय व्यापार

उन्होंने आगे कहा, द्विपक्षीय व्यापार भी बढ़ा है। इस साल के पहले सात महीनों में दोनों देशों के बीच व्यापार 77.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया है। दोनों देशों के बीच लोगों का आदान-प्रदान लगातार बढ़ रहा है।

### जी-20 पर भारत की तारीफ

*मिया ने भारत की जी20 की अध्यक्षता की भी सराहना की और कहा कि चीन दृढ़ता से विकासशील देशों के पक्ष में खड़ा है। प्रेस विज्ञप्ति का हवाला देते हुए, उन्होंने कहा, हमें दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण सहयोग की समग्र स्थिति को मजबूत करने और विकसित करने की आवश्यकता है। द्विपक्षीय संबंधों को परिभाषित करने के बजाय विशिष्ट मुद्दों का प्रबंधन और समाधान करना चाहिए, ताकि हमारे बीच अधिक परिपक्व और स्थिर संबंधों को बढ़ावा दिया जा सके।*

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।



# दिलकश नजारों की सैरगाह अद्भुत-मनमोहक नैनीताल

वैसे तो अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए पूरा उत्तराखंड ही जाना जाता है लेकिन उसमें भी नैनीताल की बात ही निराली है। यहां के दिलकश नजारे मन में हमेशा के लिए बस जाते हैं। नैनीताल की यात्रा से जुड़े अपने यादगार अनुभव लेखक यहां साझा कर रहे हैं, अपनी जुबानी।

{ सैर-सपाटा / समीर चौधरी }

हरी-भरी पहाड़ियों से घिरी विशाल-सुंदर नैनी झील, शांत पुराने कॉटेज और बाजार, वॉकिंग ट्रैक्स का जाल, बोटिंग, प्राचीन मंदिर और हेरिटेज बिल्डिंग्स। इन नजारों का साक्षी मैं तब बना जब उत्तराखंड की गोद में स्थित नैनीताल पहुंचा। इस झील नगरी में मेरे लिए देखने और करने को बहुत कुछ था। हालांकि सफर की थकान के कारण मैं शाम को अपने होटल के कमरे में पहुंचते ही गहरी नींद में सो गया था, लेकिन मेरी आंखें पौ फटने से पहले ही खुल गईं। मैं मन ही मन में दिन भर अपने घूमने का प्रोग्राम बनाने की सोचने लगा। फिर कुछ डिसाइड किया और फ्रेश होकर, ट्रैकिंग शूज पहनकर बाहर निकल पड़ा।

### टिफिन टॉप में सूर्योदय का नजारा

मैंने टिफिन टॉप से उगते सूरज को देखने का निश्चय किया। हालांकि मैं हॉर्स राइडिंग करता हुआ भी टिफिन टॉप जा सकता था, जो कि नैनीताल के केंद्र से लगभग 4 किमी. के फासले पर है। लेकिन ट्रैकिंग का अपना ही आनंद है, जिसे मैं मिस नहीं करना चाहता था। सुबह के 6 बज रहे होंगे, जब मैं टिफिन टॉप पर पहुंचा। पहाड़ों के पीछे से सूरज धीरे-धीरे उदय हो रहा था, हिमालय की बर्फीली चोटियों पर उसकी नर्म धूप पड़ने लगी थी। मैं मन ही मन में सोचने लगा, 'इस आलौकिक प्राकृतिक सौंदर्य को मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता।' सच, उस नजारे के बारे में जितना भी कहा जाए, कम ही होगा। मन कर रहा था कि समय ठहर जाए और मैं इस नजारे को देखता ही रहूं। उस बारे में मैं इतना अवश्य कहूंगा कि अगर आपने नैनीताल भ्रमण के दौरान टिफिन टॉप से उगते हुए सूरज का नजारा नहीं किया तो यहां प्रकृति के सबसे सुंदर दृश्य से आप वंचित रह गए।



### नैना देवी मंदिर के दर्शन




नैनी झील के पास ही नैना देवी मंदिर स्थित है। मैंने बोटिंग के बाद कुछ समय शांत होकर गुजारने की सोची। इसके लिए मैं नैना देवी मंदिर पहुंचा। कुछ पल वहां गुजारने के बाद मैंने खुद को तरोताजा महसूस किया। यह मंदिर, जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है, माता नैना देवी को समर्पित है और मान्यता यह है कि नैनी झील और उस इलाके में इन्हीं की कृपा रहती है। यह भारत के 64 शक्तिपीठों में से एक पवित्र मंदिर है। इस मंदिर की स्थिति और महिमा अद्भुत है। मान्यता है कि जो तीर्थयात्री यहां प्रार्थना करने के लिए आते हैं, उनको इस मंदिर के दर्शन मात्र से ही शांति का बोध हो जाता है।

### नैनी झील में बोटिंग

टिफिन टॉप पर सूर्योदय देखने के बाद मैं ट्रैक करता हुआ नैनी झील के पास लौट आया। इसके बाद बोट हाउस क्लब में नाश्ता किया फिर नैनी झील में बोटिंग करने के लिए एक बोट हायर की। उसमें सवार होने से पहले लाइफ जैकेट पहनना नहीं भूला। फिर सुकून भरे पल गुजारने के लिए बोटिंग करने लगा। मैंने करीब एक घंटे तक बोटिंग का मजा लिया।

### स्थानीय वस्तुओं की खरीदारी

मैं जहां भी घूमने-फिरने जाता हूं, वहां से स्थानीय प्रसिद्ध वस्तुएं लाना कभी नहीं भूलता। ऐसा मैंने नैनीताल में भी किया। जैसा मुझे लोगों ने बताया था कि नैनीताल में स्थानीय वस्तुओं की खरीदारी के लिए सबसे अच्छी जगह तिब्बती मार्केट है, मैं भी वहीं पहुंच गया। बात सही थी, इस बाजार में स्थानीय वस्तुओं और डिजाइनर सजावटी सामानों का खजाना देखने को मिला। फुटपाथ मार्केट में ही नहीं परमानेंट मार्केट में भी तिब्बती बैग्स, दिलकश स्कार्फ, लोकल ड्रेसेस, सुंदर डिजाइन की हुई शॉलें, ऊनी मफलर समेत इतना कुछ था कि समझ में नहीं आ रहा था क्या छोड़ं, क्या खरीदूं? फिर भी कुछ तो खरीदना ही था, इसलिए मैंने अपने बजट और पसंद के हिसाब से कुछ चीजें बतौर यादगार खरीद ही लीं। विभिन्न डिजाइन, शेप और साइज की मोमबत्तियां सजाना नैनीताल में प्रचलित है। स्थानीय लोग बहुत सुंदर मोमबत्तियां बनाते हैं। मैंने तो मोमबत्तियों के ऐसे डिजाइन और पैटर्न कभी देखे ही नहीं थे, जैसे नैनीताल के माल रोड की दुकानों पर बिक रहे थे। अपने घर में सजाने के लिए मैंने कुछ मोमबत्तियां भी खरीदीं। माल रोड पर मैंने आइसक्रीम का भी लुत्फ लिया।

### अविस्मरणीय था सूर्यास्त का दृश्य

इतना कुछ करते-करते शाम होने लगी थी। सूरज के डूबने का समय नजदीक आता जा रहा था। इसलिए मैं तेजी से हल्द्वानी रोड की तरफ बढ़ने लगा। मैंने बस स्टॉप से टैक्सी ली ताकि शाम चार बजे से पहले हनुमान मंदिर पहुंचकर इस जगह की दैविकता का अनुभव कर सकूं। नैनीताल में अगर टिफिन टॉप पर आपने उगते हुए सूरज के दर्शन किए हैं तो हनुमान मंदिर पर अस्त होते सूरज को देखना न भूलें। सूर्यास्त का ऐसा मनोरम दृश्य मैंने अब तक कहीं और नहीं देखा है। वो नजारा आंखों में ही नहीं मन में हमेशा के लिए समा गया। इसके बाद मैं अपने होटल की ओर चल पड़ा, क्योंकि सुबह एक नए ठिकाने की ओर निकलना था मुझे। *

#### अन्य देखने योग्य स्थल

**नैनीताल में** देखने और अनुभव करने के लिए और भी बहुत कुछ है। पंगोट एंड किल्बरी बर्ड सैंक्चुअरी, राज भवन, जिम कार्बेट नेशनल पार्क, चीना चोटी, नैनीताल जू, केव गार्डन जैसी कई जगहें हैं, जिन्हें देखा जा सकता है। लेकिन इसके लिए दो-तीन दिन का समय अलग से चाहिए। अगर एडवेंचर का मजा लेना है तो रॉक क्लाइंबिंग की जा सकती है। आसमान से नैनीताल का नजारा लेने के लिए रोपवे एक बेहतरीन अनुभव देता है। लेकिन यह केवल उनके लिए होता है, जो ऊंचाई से डरते नहीं हैं। *


# पितृपक्ष में श्राद्ध-तर्पण से प्रसन्न होते हैं हमारे पूर्वज

आगामी शुक्रवार से इस वर्ष के पितृपक्ष शुरू हो रहे हैं। मान्यता है कि इन दिनों में श्राद्ध और तर्पण करने से पितरों की शांति और तृप्ति प्राप्त होती है। पितृपक्ष से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण बातें आपको पता होनी चाहिए।



{ धार्मिक मान्यता / आर.सी. शर्मा }

सनातन धर्म में पितृपक्ष का बहुत अधिक धार्मिक महत्व है। पितृपक्ष 15 दिन के होते हैं, कुछ लोग 16वें दिन को भी इन्हीं का हिस्सा मानते हैं। पितृपक्ष को पितृपाख, श्राद्ध काल और महालय पक्ष जैसे नामों से भी जाना जाता है। इस साल पितृपक्ष 29 सितंबर से शुरू होकर 14 अक्टूबर को समाप्त होंगे। मान्यता है कि इस अवधि में श्राद्ध और तर्पण करने से हमारे पितृ प्रसन्न होते हैं और वे अपनी संततियों को सुख और शांति का आशीर्वाद देते हैं। ऐसा माना जाता है कि अगर हमारे पितृ या पितर या पूर्वज प्रसन्न रहते हैं तो हमारे जीवन में आने वाली तमाम तरह की बाधाएं स्वयं दूर हो जाती हैं।



**पौराणिक मान्यता:** आमतौर पर किसी घर-परिवार में जब कोई अप्रत्याशित बाधाएं आने लगती हैं तो माना जाता है कि यह पितरों की नाराजगी से हो सकता है। इसलिए इसके निवारण के लिए घर में पितरों की पूजा करने की सलाह दी जाती है। इसीलिए हर साल हिंदू धर्म को मानने वाले पितरों को प्रसन्न रखने के लिए पितृपक्ष में उनकी पूजा-अर्चना करते हुए, उनका श्राद्ध और तर्पण करते हैं। पुराणों के मुताबिक जड़-चेतन सृष्टि में हमारे शरीर का निर्माण हमारे नित्य पितृ करते हैं। वास्तव में नित्य पितृ पितरों के देव अर्यमा माने जाते हैं। वे महर्षि कश्यप की पत्नी देव माता अदिति के पुत्र हैं और इंद्रादि देवताओं के भाई हैं। उत्तरा-फाल्गुनी नक्षत्र इनका निवास माना जाता है। यह भी मान्यता है कि जब हम पितृपक्ष में अपने पितरों की पूजा करते हैं तो यह पूजा इन्हें भी लगती है और वे प्रसन्न होकर हमें सुख और समृद्धि देते हैं।

**पितर होते हैं तृप्त :** पितृपक्ष का सनातन धर्म को मानने वाले समाज में बहुत सांस्कृतिक महत्व भी है। यह अपने पूर्वजों के प्रति स्नेह, सम्मान और विनम्रता का सूचक है। पितरों के ऋण से मुक्ति पाने के लिए पितृ यज्ञ किया जाता है। वास्तव में पितृ यज्ञ, पितृपक्ष में उनकी की गई पूजा-अर्चना ही होती है। हालांकि भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म में पितृ ऋण से मुक्ति के लिए माता-पिता और पूर्वजों के नियमित श्राद्ध की बात कही गई है। लेकिन भाद्रपद पूर्णिमा से आश्विन माह की अमावस्या तक के 16 दिनों में किया जाने वाले यज्ञ पर्व का विशेष महत्व है। इस पितृपक्ष के दौरान अमावस्या सर्वपितृ मोक्ष का दिन होता है। इस दिन खीर, तिल और कुशा के साथ श्रद्धापूर्वक सभी पितरों का श्राद्ध किया जाता है। माना जाता है कि आश्विन कृष्ण प्रतिपदा से लेकर अमावस्या तक यानी पितृ पक्ष के दौरान, पितृ प्राण पृथ्वी पर मौजूद रहते हैं। इसलिए उनकी आत्मा की तृप्ति के लिए श्रद्धापूर्वक उन्हें भोजन अर्पित करना चाहिए। दसवें और सोलहवें दिन को लेकर मान्यता है कि पितरों की प्रेत अवस्था हमारे इर्द-गिर्द मौजूद रहती है, इसलिए जब इन दिनों पिंड बनाकर पितरों की पूजा की जाती है तो पिंडों में वे आत्माएं प्रवेश कर जाती हैं। शास्त्रों में लिखे निर्देशों के मुताबिक माता-पिता आदि के नियमित उनके नाम और गोत्र का उच्चारण करके उन्हें अन्न आदि अर्पित किया जाना चाहिए। ऐसा करने पर धार्मिक मान्यता है कि उन्हें वह अन्न प्राप्त होता है। ये भी माना जाता है कि जो पितरों की नियमित श्राद्ध करते हैं, उनके पितृ देवरूप को प्राप्त होते हैं। *

{ अनोखा पक्षी / शिवचरण चौहान }

# कबूतर जैसा दिखने वाला सुंदर पक्षी फाख्ता

भारत में पक्षियों की सैकड़ों प्रजातियां पाई जाती हैं। इनमें से कुछ हमारे आस-पास पाए जाते हैं तो कुछ जंगलों में ही दिखते हैं। अपने देश में पाया जाने वाला एक सुपरिचित पक्षी है-फाख्ता। यह इसका फारसी भाषा में नाम है। हिंदी में इसे पड़की, पंडूक, कपोतक, घुघुई, टुटु आदि नामों से जाना जाता है। इसकी मुख्य पहचान इसके द्वारा निकाली जाने वाली 'घू-घू' की आवाज होती है। यह कबूतर संवर्ग का पक्षी है। यह पक्षी पेड़ों पर, मैदानों में, घरों के आस-पास, खुली जगह, पार्कों आदि में आसानी से दाना चुगते देखा जा सकता है। इस पक्षी की करीब एक दर्जन प्रजातियां भारत में पाई जाती हैं।



**शारीरिक संरचना :** हल्के स्लेटी या कत्थई रंग के सिर, गले में काली पट्टी वाला फाख्ता पक्षी उत्तर भारत में हिमालय से लेकर मैदानी इलाकों में बहुतायत से देखा जा सकता है। इसके शरीर की लंबाई 10 से 12 इंच तक हो सकती है। मादा पक्षी का आकार नर की तुलना में थोड़ा छोटा होता है। छोटी-सी चोंच और कत्थई रंग की गर्दन पर काले रंग की पट्टी और खूबसूरत पंखों के कारण यह देखने में बहुत सुंदर लगता है। इसका मुख्य भोजन अनाज के दाने, फल के टुकड़े और बीज, छोटे कीड़े-मकोड़े होते हैं। कबूतर की तरह इसे पालतू नहीं बनाया जाता है, क्योंकि यह आसानी से पकड़ में नहीं आता है।

**बिना खाए रहती है कई दिन :** मादा फाख्ता पक्षी अपना घोंसला पेड़ की डाल पर या पेड़ के कोटर में या टूटे-फूटे घरों में बनाता है। नीम की सीकें या पतली-पतली टहनियां इकट्ठा कर घोंसले का निर्माण करती है। आमतौर पर मादा फाख्ता साल में दो बार अंडे देती है। मादा घोंसले में दिन-रात बिना कुछ खाए-पिए करीब 14-15 दिन अपने अंडे सेती है। जब अंडों से चूजे निकलते हैं, तभी मां घोंसला छोड़ती है। अंडे सेने के बीच मादा फाख्ता पक्षी अगर दाना-पानी चुनने घोंसले से निकलती है तो अकसर अपना घोंसला पहुंचने तक का रास्ता भूल जाती है।

**संख्या हो रही लगातार कम :** मुख्य रूप से मांस के तौर पर खाने के लिए शिकारी, फाख्ता पक्षी का बहुत शिकार करते रहे हैं, जिससे इनकी संख्या बहुत कम रह गई है। इस वजह से इस पक्षी को संरक्षित श्रेणी में रखा गया है। वैज्ञानिकों के अनुसार अगर इस पक्षी का संरक्षण नहीं किया गया तो बहुत जल्दी यह पक्षी लुप्त हो सकता है। *

# शक्ति-स्फूर्ति बढ़ाने वाला शिलाजीत

{ आयुर्वेदिक औषधि / रेखा देशराज }



आम लोगों के दिलो-दिमाग में एक गलत धारणा बैठी है कि शिलाजीत का इस्तेमाल वही पुरुष करते हैं, जिनमें मर्दाना कमजोरी होती है। शिलाजीत, दरअसल फुल्विक एसिड होता है। यह एसिड ऊर्जा उत्पादन और रक्त निर्माण का अद्भुत स्रोत होता है। यह पोषक तत्वों को ऊतकों तक पहुंचने में मदद करता है और बदन में मौजूद सुस्ती और थकान को मिनटों में दूर कर देता है।


**ऐसे शुरू हुआ सेवन :** एक जमाने में जब ऊंचे पहाड़ों तक आवागमन की आधुनिक सुविधाएं नहीं थीं, तब लोग आमतौर पर पहाड़ों की यात्राएं करते समय शिलाजीत का इस्तेमाल शरीर में ताकत और स्फूर्ति बनाए रखने के लिए करते थे। भारत में हिमालय पर्वत में स्थित मंदिरों की यात्रा करने वाले लोगों ने इसका इस्तेमाल करना सदियों पहले शुरू कर दिया था। बाद में यह धीरे-धीरे मर्दाना ताकत देने वाली जड़ी के रूप में मशहूर हो गई।



**सदियों से हो रहा आयुर्वेद में इस्तेमाल :** शिलाजीत का आयुर्वेद में इस्तेमाल सदियों से हो रहा है। यह आंतरिक शारीरिक बल बढ़ाने की रामबाण जड़ी-बूटी है। आयुर्वेद में कई बीमारियों के लिए शिलाजीत के इस्तेमाल का सुझाव दिया जाता है, क्योंकि शिलाजीत शरीर के हर ऊतक तक ऊर्जा की तरंग भेजता है। अपने इसी गुण के कारण शिलाजीत मर्दाना कमजोरी का मनोवैज्ञानिक विकल्प भी बन गया है।

**शिलाजीत का रूप-रंग :** एक गाढ़े भूरे चिपचिपे रंग की जैविक काई (शिलाजीत) हिमालय की चट्टानों में पाया जाता है। शिलाजीत बाजार में कई रंगों में मिल सकता है, लेकिन आमतौर पर यह गाढ़ा भूरा, हल्का भूरा, धूसर रंग का और कहीं-कहीं पर सफेद रंग का भी होता है। कई बार शिलाजीत का रंग तारकोल के जैसा काला और गाढ़ा होता है, साथ ही यह सूखने पर चमकीला हो जाता है। शिलाजीत पानी में घुल जाता है, लेकिन एल्कोहल में नहीं घुलता।

**सेवन के फायदे :** आयुर्वेद चिकित्सा में यह दुर्लभ बूटियों में से है। यह बल पुष्टिकारक है, इससे ऊर्जा स्तर बढ़ता है, दुर्बलता दूर होती है, भूलने की बीमारी यानी अल्जाइमर भी दुरुस्त होता है। शरीर में रक्त की कमी भी इससे दूर होती है। जिन लोगों को जबरदस्त थकान की शिकायत होती है, उनकी थकान भी यह आसानी से दूर करता है। आज के दौर की सबसे बड़ी और जानलेवा दिल की बीमारियों में भी बहुत कारगर होता है। यह सिर्फ पुरुषों के लिए ही नहीं बल्कि महिलाओं के लिए भी फायदेमंद है। जिन महिलाओं की माहवारी अनियमित होती है, वे अगर इसका इस्तेमाल करती हैं तो उनकी माहवारी नियमित हो जाती है। एक बात का ध्यान रखें कि शिलाजीत बहुत संवेदनशील और प्रभावशाली बूटी है, इसलिए शिलाजीत का किसी भी रूप में इस्तेमाल करने से पहले किसी आयुर्वेद विशेषज्ञ से सलाह जरूर कर लेना चाहिए। *



करीब छह दशक के लंबे फिल्मी करियर में देव आनंद ने अनेक माइलस्टोन फिल्में बनाईं और यादगार भूमिकाएं निभाईं। उनका बोलने, ड्रेस पहनने, रोमांस और एक्टिंग करने का अंदाज बहुत अनोखा था। आगामी 26 सितंबर को देव साहब की 100वीं बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर उनके रियल और रील लाइफ की खासियतों को याद कर रहे हैं लेखक।

# हमेशा रहेंगे याद देव आनंद के लाजवाब अंदाज-बेमिसाल अदाकारी

{ यादें / अशोक जोशी }

हिंदी सिनेमा के रूपहले पर्दे पर आज तक कितने ही अभिनेता आए और चले गए। लेकिन ऐसे कुछेक ही हैं, जिनके किस्सों के जिक्र किए बिना हिंदी सिनेमा का इतिहास अधूरा है। सदाबहार अभिनेता देव आनंद भी ऐसे ही फिल्मी सितारों में से एक हैं, जो अपने जमाने में रूमानियत, स्टाइल और फैशन के आइकन थे।

**आरंभिक जीवन :** हिंदी सिनेमा में तकरीबन छह दशक तक अपनी अदाकारी और रूमानियत का जादू बिखेरने वाले देव आनंद का जन्म 26 सितंबर 1923 को पंजाब के गुरदासपुर में एक मध्यम वर्गीय परिवार में हुआ था। उनका असली नाम धर्मदेव पिशोरीमल आनंद था। 1942 में लाहौर में अंग्रेजी साहित्य में स्नातक करने के बाद देव आनंद आगे भी पढ़ना चाहते थे, लेकिन पिता ने आर्थिक समस्या का हवाला देकर नौकरी करने के लिए कह दिया। 1943 में अपने सपनों को साकार करने के लिए जब वह बंबई (अब मुंबई) पहुंचे, तब उनके पास मात्र 30 रुपए थे। रहने के लिए कोई ठिकाना नहीं था, लेकिन देव साहब ने लंबे संघर्ष के बाद अपना मुकाम हासिल किया और फिल्म इंडस्ट्री में खुद को मजबूती से स्थापित किया।

**कभी नहीं किया सफलता पर गुरूर :** देव आनंद अपने जमाने के मशहूर अभिनेता होने के साथ ही एक सफल फिल्मकार भी थे। उन्होंने उम्र के आखिरी पड़ाव तक फिल्मों के लिए काम किया। दर्शक उनकी अदाओं के दीवाने थे। उनका स्टाइल, ड्रेसिंग सेंस और हेयर स्टाइल कॉपी किया करते थे। उनकी संवाद अदायगी लोगों का मन मोह लेती थी। लेकिन इतना स्टारडम होने के बावजूद वो हमेशा जमीन से जुड़े रहे, कभी अपनी शख्सियत पर घमंड नहीं किया, हमेशा बड़ों को सम्मान दिया और छोटों को प्यार किया। उनके ऑफिस और घर का दरवाजा हर किसी के लिए खुला रहता था। वो एकमात्र सुपरस्टार थे, जो अपाइंटमेंट फिक्स करते समय स्वयं पत्रकारों से पूछते थे कि उनके लिए सुविधाजनक समय क्या रहेगा? उनसे पहले और बाद में भी ऐसा किसी स्टार ने नहीं किया। यहां तक कि अपनी पार्टियों के लिए लोगों को आमंत्रित करने के लिए खुद फोन करते थे।


**असफलता से नहीं हुए हताश :** फिल्म 'हम दोनों' में उन पर फिल्माया गया गीत 'मैं जिंदगी का साथ निभाता चला गया, हर फिक्र को धुएं में उड़ाता चला गया' देव आनंद के जीवन को सही रूप में परिभाषित करता है। उन्होंने अपनी जिंदगी में कभी असफलता को हावी नहीं होने दिया, ऐसे वक्त में भी वो अडिग रहे। अपने लक्ष्य के प्रति ईमानदारी से डटे रहे, जितनी बार असफल हुए, उससे कहीं ज्यादा बार कोशिश की, जिसकी वजह से सफलता उनको मिल ही जाती थी। अपने जीवन के उत्तरार्ध में देव आनंद ने करीब 19 फिल्में निर्देशित और 31 फिल्में निर्मित कीं। इनमें से अधिकतर फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं कर पाईं। फिल्मों की असफलता के बाद भी देव साहब ने कभी हार नहीं मानी, उन्होंने हर बार सीख ली और आगे बढ़ गए। यही वजह है कि अपनी उम्र के आखिरी पड़ाव तक वो हिंदी सिनेमा के लिए अपना योगदान देते रहे।



'हम दोनों' के 'जिंदगी का साथ..' गीत दृश्य में देव आनंद


**स्वतंत्र और निडर व्यक्तित्व :** देव आनंद हिंदी सिनेमा के सबसे बड़े स्टाइल आइकन थे। उन्हें हिंदी फिल्मों का पहला सुपर स्टार माना जाता है। जिन्होंने कई पीढ़ियों पर अपना जादू चलाया, लेकिन अपनी रोमांटिक छवि के इतर, वो अपने विचारों और जीवन जीने के तरीके में बेहद स्वतंत्र और निडर थे, भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने जब देश में आपातकाल लगाया, तो वो फिल्म इंडस्ट्री के पहले शख्स थे, जिन्होंने इसके खिलाफ अपनी आवाज उठाई। यहां तक कि समाज और देश के लिए सिनेमा छोड़कर कुछ वक्त के लिए सियासत में भी चले आए। साल 1977 में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय पार्टी नामक एक पार्टी भी बनाई, इसके लिए अपने समर्थकों के साथ सक्रिय रूप से प्रचार भी किया, लेकिन जल्द ही उनका मोहभंग हो गया और उन्होंने पार्टी भी भंग कर दी।

**काम करने का था जुनून :** काम के प्रति देव आनंद में गजब का जुनून था। उन्हें अपने काम से इतना प्यार था कि वे 88 साल की उम्र में भी काम करते रहते थे। उस वक्त भी उनके अंदर ऊर्जा और उत्साह वैसा ही होता था, जैसा उनके जवानी के दिनों में हुआ करता था, उनसे जब ये पूछा जाता कि आप इतनी ऊर्जा लाते कहां से हैं। इस पर देव साहब कहते कि जब आप रचनात्मक होते हैं तो दिमाग को मजबूत होना चाहिए, यही दिमाग शरीर को साथ लेकर चलता है। जानी-मानी फिल्म लेखिका और समीक्षक भावना सोमाया एक बार देव साहब से मिलने उनके ऑफिस पहुंचीं तो उन्होंने देखा कि उनके टेबल पर सारा सामान बिखरा पड़ा है। उनको देखते ही देव आनंद बोले, 'मेरी मेज पर इस अस्त-व्यस्तता पर ध्यान मत दो, क्योंकि यह अस्त-व्यस्तता मेरी रचनात्मकता का हिस्सा है। मैं कभी भी अपनी डेस्क को हमेशा साफ रखने में विश्वास नहीं करता हूं, क्योंकि यह रचनात्मक ऊर्जा की बर्बादी है।' उनकी इन बातों से अंदाजा लगाया जा सकता है कि वो अपने कार्य के प्रति कितने समर्पित थे। *




#### जन्म-शताब्दी पर विशेष आयोजन

**देव आनंद** की सदाशयता, उनका मनुष्यत्व और उनका यही आकर्षण आज भी बरकरार है। उनकी जन्म शताब्दी पर देश भर के पीवीआर और इनॉक्स मल्टीप्लेक्स में उनकी चार फिल्मों 'सीआईडी', 'गाइड', 'ज्वेल थीफ' और 'जॉनी मेरा नाम' की प्रिंट्स का स्क्रीनिंग किया जा रहा है। जयपुर के राजमंदिर सिनेमाघर और मुंबई के नेहरू सेंटर में विशेष कार्यक्रम किए जा रहे हैं, जिनमें क्रमशः हेमा मालिनी और जीनत अमान शिरकत करेंगी। देव आनंद के चाहने वाले आज भी उन्हें बड़ी शिद्दत के साथ याद करते हैं। *




स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com